दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 68
कोटद्वार शनिवार
1 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## अंकिता की मां ने पति समेत दी आत्महत्या की चेतावनी, सरकारी वकील हटाने की लगाई गुहार



**कोटद्वार** : चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में अब नया मोड़ आ गया है। दिवंगत अंकिता भंडारी की मां सोनी देवी ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र रावत को केस से हटाने की गुहार लगाई है। वहीं, उन्होंने जितेंद्र रावत को नहीं हटाए जाने पर पति बीरेंद्र सिंह भंडारी समेत आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। अंकिता भंडारी की मां सोनी देवी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि उन्हें न्याय की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

कहा कि उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड के विशेष लोक अभियोजक को केस से हटाने के लिए डीएम के साथ ही सीएम से गुहार लगाई गई। लेकिन उन्हें नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने सीएम से मार्मिक अपील करते हुए जितेंद्र रावत को इस केस से हटाने की गुहार भी लगाई। वीडियो जारी होने के बाद शुक्रवार को उप जिलाधिकारी मुक्ता मिश्रा और कोतवाली के एसएसआई मृतका के गांव पहुंचे। एसएसआई महेश रावत ने बताया कि मृतका के परिजनों ने विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र रावत को हटाने की मांग अधिकारियों के सम्मुख रखी।

# उत्तराखंड बना यूसीसी ड्राफ्ट तैयार करने वाला पहला राज्य

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए तैयार हो रही ड्राफ्ट रिपोर्ट प्रदेश सरकार को शुक्रवार को नहीं सौंपी जा सकी। ड्राफ्ट कमेटी की सदस्य जस्टिस(रिटायर्ड) रंजना प्रसाद देसाई ने आज दिल्ली में इस संबंध में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि उत्तराखंड के प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा अब पूरा हो गया है। ड्राफ्ट के साथ विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट जल्द ही मुद्रित की जाएगी और उत्तराखंड सरकार को सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि एक पखवाड़े के भीतर समिति सरकार को रिपोर्ट सौंप देगी।

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का ड्राफ्ट तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। विशेषज्ञ समिति ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने में जुटी हुई थी। मई 2022 में समिति का गठन हुआ था। गठन से लेकर अब तक समिति ढाई लाख से अधिक सुझाव ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त कर चुकी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूसीसी को लेकर जिस स्पष्टता के साथ समूचे देश के सामने पार्टी का नजरिया पेश किया है, उससे प्रदेश भाजपा संगठन व सरकार का हौसला चरम पर है। जल्द रिपोर्ट सरकार को मिल जाएगी। उत्तराखंड में यूसीसी हर हाल में लागू करेंगे।

**महेंद्र भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा**

सभी 13 जिलों में हितधारकों के साथ सीधे संवाद कर चुकी है। नई दिल्ली में प्रवासी उत्तराखंडियों से भी चर्चा हो चुकी है।

**समान नागरिक संहिता से आएगा इन मामलों पर असर**

**शादी की उम्रः** यूसीसी में सभी धर्मों की लड़कियों की विवाह योग्य उम्र एक समान करने का प्रस्ताव है। पर्सनल लॉ और कई अनुसूचित जनजातियों में लड़कियों की विवाह की उम्र 18 से कम है। यूसीसी के बाद सभी लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ सकती है।

**विवाह रजिस्ट्रेशन :** देश में विवाह को पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं है। यूसीसी में सुझाव है कि सभी धर्मों में विवाह का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। इसके बिना सरकारी सुविधा का लाभ नहीं दिया जाएगा।

**बहुविवाह** : कई धर्म और समुदाय के पर्सनल लॉ बहुविवाह को मान्यता देते हैं। मुस्लिम समुदाय में तीन विवाह की अनुमति है। यूसीसी के बाद बहु-विवाह पर पूरी तरह से रोक लग सकती है।

यूसीसी पर भारत के संविधान की मूल भावना के अनुरूप ही निर्णय होने हैं। समिति इस पर काम कर रही है। सबके हित में निर्णय आएगा। उत्तराखंड से इसकी शुरुआत हुई है। देवभूमि इसकी अगुआई कर रही है। हमारी यह अपेक्षा है कि आने वाले समय में देश भर में यूसीसी लागू हो।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

**लिव इन रिलेशनशिपः** इसके लिए घोषणा करने के बाद अभिभावकों को भी बताना होगा। इसके साथ सरकार को ब्योरा देना जरूरी हो सकता है।

**हलाला और इद्दत खत्मः** मुस्लिम समाज में हलाला और इद्दत की रस्म है। यूसीसी के कानून बनाकर लागू किया तो यह खत्म हो जाएगा।

**तलाक :** तलाक लेने के लिए पत्नी व पति के आधार अलग-अलग हैं। यूसीसी के बाद तलाक के समान आधार लागू हो सकते हैं।

**भरण—पोषणः** पति की मौत के बाद मुआवजा राशि मिलने के बाद पत्नी दूसरा विवाह कर लेती है और मृतक के माता-पिता बेसहारा रह जाते हैं। यूसीसी का सुझाव है कि मुआवजा विधवा पत्नी को दिया जाता है, तो बूढ़े सास-ससुर के भरण पोषण की जिम्मेदारी भी उस पर होगी। वह दूसरा विवाह करती है तो मुआवजा मृतक के माता-पिता को दिया जाएगा।

**गोद लेने का अधिकारः** यूसीसी के कानून बनने से मुस्लिम महिलाओं को भी बच्चा गोद लेने का अधिकार मिल जाएगा।

**बच्चों की देखरेख** : यूसीसी में सुझाव है कि अनाथ बच्चों की गार्जियनशिप की प्रक्रिया को आसान व मजबूत बनाया जाए।

**उत्तराधिकार कानूनः** कई धर्मों में लड़कियों को संपत्ति में बराबर का अधिकार हासिल नहीं है। यूसीसी में सभी को समान अधिकार का सुझाव है।

**जनसंख्या नियंत्रणः** यूसीसी में जनसंख्या नियंत्रण का भी सुझाव है। इसमें बच्चों की संख्या सीमितकरने, नियम तोड़ने पर

## सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बधाई, कहा— जल्द होगा लागू

**देहरादून** । उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार होने पर सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा ' प्रदेशवासियों से किए गए वादे के अनुरूप आज 30 जून को समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने हेतु बनाई गई समिति ने अपना कार्य पूरा कर लिया है। जल्द ही देवभूमि उत्तराखण्ड में #यूनीफार्मसिविलडॉट कॉम लागू किया जाएगा।'



प्रदेशवासियों से किए गए वादे के अनुरूप आज 30 जून को समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने हेतु बनाई गई समिति ने अपना कार्य पूरा कर लिया है। जल्द ही देवभूमि उत्तराखण्ड में #यूनीफार्मसिविल कोड लागू किया जाएगा।वहीं, आज ड्राफ्ट कमेटी की सदस्य जस्टिस(रिटायर्ड) रंजना प्रसाद देसाई ने दिल्ली में इस संबंध में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि उत्तराखंड के प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा अब पूरा हो गया है। ड्राफ्ट के साथ विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट जल्द ही मुद्रित की जाएगी और उत्तराखंड सरकार को सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि एक पखवाड़े के भीतर समिति सरकार को रिपोर्ट सौंप देगी।

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का ड्राफ्ट तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। विशेषज्ञ समिति ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने में जुटी हुई थी। मई 2022 में समिति का गठन हुआ था। गठन से लेकर अब तक समिति ढाई लाख से अधिक सुझाव ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त कर चुकी है। सभी 13 जिलों में हितधारकों के साथ सीधे संवाद कर चुकी है।

# देहरादून समेत तीन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**देहरादून।** मौसम विभाग ने देहरादून के साथ ही टिहरी और पौड़ी जिले में शनिवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबकि हरिद्वार और अल्मोड़ा जिले में कुछ स्थानों और बाकी जिलो में कई स्थानों पर आज हल्की बारिश होगी। राज्य में देहरादून समेत सभी पर्वतीय जिलों में चार जुलाई तक के लिए येला अलर्ट जारी किया गया है। जबकि हरिद्वार और उधमसिंहनगर के लिए फिलहाल अगले चार दिन के लिए किसी तरह का कोई अलर्ट नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक शनिवार को तीन जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर निगरानी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि बाकी जिलों में दिन में एक या दो दौर की बारिश होगी।

# छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों को तोहफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों के लिए बड़ा एलान किया है। जुलाई से सितंबर तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में 0.10 प्रतिशत से 0.30 प्रतिशत तक का इजाफा किया है। सरकार की ओर से स्माल सेविंग्स स्कीम की ब्याज दरों में 10 से 30 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की गई है।

**ब्याज दरें 30 बेसिस प्वाइंट बढ़ीं**

केंद्र सरकार ने इस बार पीपीएफ, एनएससी, केसीसी, सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम और सुकन्या समृद्धि योजना की दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार एक साल की अवधि के लिए जमा पर 6.8% की जगह अब 6.9% ब्याज मिलेगा। वहीं पांच वर्षों की जमा पर ब्याज दरों को 6.2% से बढ़ाकर 6.5% कर दिया गया है।इस बीच वाणिजय एवं उद्योग मंत्रालय ने भी खुशखबरी दी है और कहा है कि आठ कोर उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक जून 2023 में मई 2023 की तुलना में अस्थायी रूप से 4.3 प्रतिशत बढ़ा है।



# डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शुक्रवार को विकासखंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत आने वाले विभिन्न राजस्व ग्रामों का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान इस दौरान डीएम ने ग्राम पंचायत जयकंडी, क्यूंजा व कणसिली में निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण करते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने अजयपुर, जयकंडी, क्यूंजा, कणसिली, जावरी आदि राजस्व ग्रामों का पैदल निरीक्षण किया। जहां पहली बार किसी जिलाधिकारी के आने पर ग्रामीण उत्साहित दिखे। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत जयकंडी में 8 लाख रुपए की लागत से तैयार हो रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि 25 मीटर लंबे व 12 मीटर चौड़ाई वाले इस सरोवर का कार्य विगत माह से आरंभ किया गया है। कणसिली फडीक तोक में बन रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने क्यूंजा में 5 लाख रुपए की लागत से तैयार किए जा रहे 20 मीटर लंबे व 16 मीटर चौड़े अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि अनावश्यक छेड़छाड़ न कर प्राकृतिक स्वरूप देते हुए अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने यहां पर पैदल रास्ते का निर्माण करने सहित सोलर लाईट, ब्रैंच लगाने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों ने गांव में संचालित एएनएम सेंटर की क्षतिग्रस्त बिल्डिंग, बाढ़ के चलते सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त होने, मिलन केंद्र के पीछे दीवार टूटने, चारी तोक में सीसी मार्ग व सुरक्षा दीवार आदि समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने क्यूंजा में सिंचाई हेतु हाइड्रम मशीन रिपेयर करने की मांग की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि पीएमजीएसवाई द्वारा निर्मित जावरी-ककोला मोटर मार्ग के मध्य नीलगढ में विगत डेढ़ वर्ष से बन रहे पुल पर धीमी गति से कार्य हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को संबंधित कार्यदायी संस्था से अविलंब आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, राजस्व उप निरीक्षक भटवाड़ी सुनार संतोष नेगी, गणेशनगर नरेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी जयकंडी हेमंत त्रिपाठी, अवर अभियंता नीरज नेगी सहित प्रधान जयकंडी श्रीमती वंदना देवी, क्यूंजा श्रीमती विनीता देवी, सूजर कुमार, सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कनखल में हुआ यूकेडी का संगठनात्मक सम्मेलन

हरिद्वार। उत्तराखंड क्रांति दल के संगठनात्मक सम्मेलन कनखल स्थित होटल में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से बल सिंह सैनी को उत्तराखंड क्रांति दल के हरिद्वार का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि चौधरी घनश्याम सिंह को रुड़की का जिलाध्यक्ष चुना गया। उत्तराखण्ड क्रांति दल के संगठनात्मक जिले हरिद्वार एवं रुड़की के संयुक्त सम्मेलन की अध्यक्षता उक्रांद केंद्रीय उपाध्यक्ष सरिता पुरोहित ने की। जबकि संचालन केंद्रीय उपाध्यक्ष चौधरी बृजवीर सिंह ने किया। चुनावी प्रक्रिया उक्रांद केंद्रीय महामंत्री व केंद्रीय प्रेक्षक मोहनसिंह असवाल की मौजूदगी में केंद्रीय उच्च सलाहकार समिति सदस्य एवं चुनाव अधिकारी रविन्द्र वशिष्ठ ने सम्पन्न कराया।

संयुक्त सम्मेलन में हरिद्वार, लक्सर, खानपुर,रुड़की, भगवानपुर, बहादराबाद, नारसन ब्लाक के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## कांवड़ मेले को लेकर जिला पूर्ति कार्यालय ने दिए निर्देश

### –रेट लिस्ट चस्पा करें, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर का प्रयोग रोके

हरिद्वार। कांवड़ मेले को लेकर जिला पूर्ति कार्यालय में गैस एजेंसियों के संचालकों के साथ बैठक हुई। जिसमें उन्हें दिशा निर्देश जारी किए गए। साथ ही कांवड मेला के दौरान कार्यालयों एवं दुकानदारों के बीच रेट लिस्ट एवं खान–पान की गुणवत्ता को लेकर विवाद न हो उसे देखते हुए टीम का गठन किया गया है। जो नियमित रूप से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर रेट लिस्ट चस्पा एवं घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने का काम करेगी। डीएसओ मुकेश कुमार ने कांवड मेला आरम्भ होने से पूर्व अपनी–अपनी गैस एजेन्सी के उपभोक्ताओं को शतप्रतिशत होम डिलीवरी से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अपने अपने गैस गोदामों में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भण्डारण करने को कहा। जिससे किसी भी स्थिति में गैस की कमी न हो पाये। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी हरिद्वार की ओर से मेला में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के ढुलान में लगे भारी एवं हल्के वाहनों को गन्तव्य स्थल तक पहुंचने से न रोके जाने को लेकर पत्र भेजा गया है। डीएसओ ने सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने दुकान के बाहर रेट लिस्ट चस्पा कर लें। ग्राहकों से अच्छे ढंग से व्यवहार करें। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी, मुकेश, पूर्ति निरीक्षक, संदीप नेगी, सेल्स ऑफिसरस आयुष, अश्वनी कुमार, गैस एजेन्सी के प्रोपराईटर राजीव गुप्ता, विपिन शर्मा, मुकेश सैनी, नन्द किशोर, विवके मुखिया, सुनील कुमार, अश्वनी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईड्रो इंजीनियरिंग संस्थान के दो छात्रों का सीनियर इंजीनियर के पद पर चयन

टिहरी : टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग संस्थान के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के चतुर्थ वर्ष के छात्र अमन काला और आकाश भंडारी का कैंपस प्लेसमेंट टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में बतौर सीनियर इंजीनियर आईटी में हुआ है। यह छात्र टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में सीनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्त होंगे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर शरद कुमार प्रधान ने बताया कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने जनवरी फरवरी 2023 में संस्थान में अध्ययनरत कंप्यूटर साइंस इंजीनियर चतुर्थ वर्ग के छात्रों का चयन करने के लिए संपर्क किया था। कैंपस प्लेसमेंट के अंतर्गत न्यूनतम अहर्ताएं पूर्ण करने वाले छात्रों का 2 जून को साक्षात्कार हुआ। जिसमें टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 2 छात्रों का चयन किया। संस्थान के प्लेसमेंट आफिसर प्लेसमेंट मंदीप गुलेरिया ने बताया कि इस सफलता के बाद आने वाले आने वाले वर्षों में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एवं अन्य पीएसयू कंपनियों में भी कैंपस प्लेसमेंट के लिए संस्थान में आने की संभावनाएं बनी हैं। (एजेंसी)

### सैन्यधाम के लिए जल संग्रहण कार्य आज से

टिहरी : पीएम नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप उत्तराखंड के पांचवे धाम के रूप में सैन्यधाम का निर्माण जनपद देहरादून के गुनियाल गांव में प्रगति पर है। उत्तराखण्ड के इस पांचवे सैन्यधाम के लिए प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों और उद्गम स्थल के पावन जल को कलश के माध्यम से सैन्यधाम लाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल योगेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद टिहरी से जिला सैनिक कल्याण विभाग ने जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद की प्रमुख नदियों का जल संग्रहण का कार्य 1 जुलाई से किया जाएगा। जल कलश पर संबंधित नदी का नाम भी चश्पा किया जाएगा। एकत्रित जल को आगामी 2 जुलाई को लच्छीवाला देहरादून में सम्मान पूर्वक लाया जाएगा। जिसके बाद यहां पर एकत्रित वाहनों से जल कलश यात्रा का रूप देते हुए देहरादून के मुख्य मार्गों से होते हुए सैन्य धाम तक जल पहुंचाया जाएगा। 3 जुलाई को सैन्यधाम में अमर जवान ज्योति का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

### घायल किसान को मिला मुआवजा

रुड़की। कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की ओर से संचालित की जा रही व्यक्तिगत दुर्घटना योजना के तहत क्षेत्र के एक किसान को व्यक्तिगत दुर्घटना राशि का चेक कृषि उत्पादन मंडी परिषद के अध्यक्ष ने सौंपा। दुर्घटना में कृषि कार्य करते हुए किसान की उंगलियां कट गई थीं। कृषि कार्य करते समय यदि किसी किसान साथ दुर्घटना हो जाती है तो पीड़ित को कृषि उत्पादन मंडी परिषद में मुआवजा राशि दी जाती है। मुंडलाना निवासी किसान शिवकुमार ने कृषि उत्पादन मंडी परिषद में मुआवजे के लिए दावा प्रस्तुत किया था।

## केंद्र सरकार पर लगाया वनवासियों के अधिकारों को खत्म करने का आरोप

रूद्रप्रयाग : किसान सभा ने केंद्र सरकार के वन संरक्षण अधिनियम संसोधन विधेयक 2023 को प्रतिरोध दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार ग्राम एवं वन पंचायतों के साथ ही कई पीढ़ियों से जंगलों में रह रहे वनवासियों के अधिकारों को खत्म कर रही है।मुख्यालय स्थित पोदार धर्मशाला में किसान सभा के जिलाध्यक्ष अषाड़ सिंह धिरवाण की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में वन संरक्षण अधिनियम संशोधन विधेयक को लेकर गहन चर्चा की गई। साथ ही इसे ग्राम एवं वन पंचायतों के खिलाफ बताया। इस दौरान मुख्य वक्ता किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री गंगाधर नौटियाल ने कहा कि आज देश फिर गुलामी के कगार पर पहुंच गया है। कहा कि देश में पूंजीपति और भी पूंजीपति बनते जा रहे हैं, उनकी आय में लगातार इजाफा हो रहा है जबकि आर्थिक कमजोर लोग और भी बुरी स्थिति में है। सरकार का ध्यान महज अडानी जैसे पूंजीपतियों पर है। कहा कि वर्ष 1996 में पंचायत क्षेत्राधिकार अधिनियम बनाया गया था। इस कानून में व्यवस्था थी कि ग्राम पंचायत और वन पंचायत के अधीन जो भी जल, जंगल, जमीन होगी, उस संपत्ति को अधिग्रहण करने एवं उस संपत्ति पर कोई निर्माण के लिए ग्राम पंचायत वन पंचायत की अनुमति के बिना निर्माण नहीं हो सकता था किंतु केंद्र की मोदी सरकार इसको खत्म कर रही है। गांव की जनता को उजाड़ रही है। इसलिए देश में किसान आज के दिन प्रतिरोध दिवस मना रहे हैं। कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए सभी कानूनों को यह सरकार पूरी तरह खत्म करना चाह रही है। कहा कि वनाधिकार कानून में यह व्यवस्था है वनों में रहने वाले बनवासी कई पीढ़ियों से जंगलों में रहते हैं इसलिए उन्हें वनों से संबंधित सारे अधिकार मिलना तय था किंतु इस सरकार द्वारा इस कानून को भी खत्म किया जा रहा है।

### व्यापारियों का कांवड़ मेले में सहयोग न करने का ऐलान

हरिद्वार। प्रदेश व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने कांवड़ मेले में पुलिस को सहयोग न करने का ऐलान कर दिया है। शहर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने प्रेस को जारी बयान कर यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि व्यापारी न एसपीओ बनेंगे और न ही सहयोग करेंगे। क्योंकि प्रशासन दोहरी नियत से कार्य कर रहा हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पिछले दिनों व्यापार मंडलों एवं प्रशासन के बीच मेले को लेकर आपसी सहमति बनी थी। जिसे प्रशासन ने भुला दिया। उन्होंने कहा कि हरकी पैड़ी के आसपास के मेला क्षेत्र के सभी व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों के टू व्हीलर की सुरक्षित एवं निशुल्क पार्किंग कंट्रोल टावर के समीप मैदान में दिए जाने पर सहमति बनी थी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाए

टिहरी : जिला पंचायत की त्रैमासिक बैठक में सदस्यों ने बारिश के मौसम में आपदा को दृष्टिगत रखते हुए मोटर मार्गों के संवेदनशील स्थानों पर जेसीबी की व्यवस्था से लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को सतर्क रहने और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष जोर देने की मांग की। कहा कि एक जुलाई से शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है। लेकिन कई स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। स्कूल भवन भी जीर्णक्षीर्ण बने हुए हैं। ऐसे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन करने में दिक्कत उठानी पड़ेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनके निराकरण को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य सनवीर बेलवाल ने समाज कल्याण की विभिन्न पेंशनों के नए आवेदनों के ऑनलाइन करने में आ रही दिक्कतों को दूर करने की मांग की। कहा कि जब तक दिक्कत दूर नहीं हो जाती है, तब तक आफ्लाइन भी आवेदन जमा किए जाएं। सदस्य धनपाल नेगी ने प्रधानमंत्री आवास से वंचित परिवारों को अटल आवास योजना से लाभांवित कर धनराशि बढ़ाने की भी मांग की। सदस्य यमला सजवाण ने मंज्याडगांव, तानगला स्कूल की मरम्मत, रेखा असवाल ने दीनगांव के चालका तोक में प्राथमिक स्कूल खोलने, रीता राणा ने कोरदी में शिक्षकों की नियुक्ति, भरत बुटेला ने सिंवाली पातल, बोरगांव स्कूल भवन की मरम्मत, जयवीर रावत ने क्षेत्र में आदमखोर बन चुके गुलदार को पकड़ने को पिंजरा लगाने, लालूरी-घियाकोटी-क्यारदा चली, लालूरी-मंजखेत-मोरियाना, चापड़ा अंधियारी, रमोलसारी, लवाणी-गाफर मार्ग का निर्माण, रघुवीर सजवाण ने आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर जेसीबी 24 घंटे तैनात रखने, अर्मेंद्र बिष्ट ने सड़कों के गड्ढे भरने, डामरीकरण करने, सतेंद्र धनोला ने पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण स्थल डांडाचली में इको पार्क का निर्माण, विनोद बिष्ट ने मैराब में सस्ता गल्ला विक्रेता का लाइसेंस जारी करने, प्रमुख प्रदीप रमोला ने प्राथमिक स्कूल माजफ में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करने की मांग की।

## भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में चला सेलाकुई के हरिपुर, बंजारा गली, में जनसंपर्क



विकासनगर। महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला अध्यक्ष मीता सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत सेलाकुई के हरिपुर, बंजारा गली, में जनसंपर्क किया। साथ ही लोगों से अपील की गई लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन कर तीसरी बार पूर्ण बहुमत से प्रधानमंत्री बनाएं। इस दौरान लोगों से मोदी के पक्ष में मिस्ड कॉल करा के समर्थन भी मांगा गया। महा जनसंपर्क का नेतृत्व कर जिला अध्यक्ष मीता सिंह ने कहा आज भारत विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। पूरा विश्व भारत की ओर अनेक अपेक्षाओं की दृष्टि से देख रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई जन कल्याण योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं, जिससे लोगों को पता चल सकें केंद्र की मोदी सरकार ने आमजन के लिए कितनी महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं। साथ ही उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से तैयार रहने के लिए कहा, जिससे पूर्ण बहुमत से फिर से केंद्र में मोदी की सरकार आ सके।

### गबन के आरोप पति–पत्नी समेत तीन लोगों पर केस

ऋषिकेश। एक शख्स ने उनकी फर्म से मिलती–जुलती फर्म खोलकर गबन और बैंक के चेकों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने पति–पत्नी और एक युवक पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक कुलदीप पुत्र ज्ञान सिंह राणा, निवासी टी–एस्टेट, बंजारावाला, देहरादून ने तहरीर में बताया कि उसकी आरआर पेट्रोकेम भागीदारी नामक फर्म है। आरोप है कि रणवीर राणा और उसकी पत्नी बीना राणा और विनोद रावत ने इसी से मिलती–जुलती आरआर पेट्रोकेम प्रोप्राइटरी फर्म खोली, जिसके जरिए उन्होंने गबन किया।

## मोदी ने बढ़ाया किसानों का मानः कोठारी

ऋषिकेश। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में किसान संपर्क यात्रा निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। किसानों को नौ साल की उपलब्धि और योजनाओं की जानकारी दी। पीएम नरेंद्र मोदी का 3.70 लाख करोड़ रुपये का पैकेज जारी करने पर आभार भी जताया। शुक्रवार को आयोजित किसान संपर्क यात्रा श्यामपुर से शुरू हुई। बदरीनाथ नेशनल हाईवे से होते हुए कार्यकर्ता ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों में सवार होकर हरिद्वार बाईपास मार्ग से गुमानीवाला पहुंचे। इस बीच कार्यकर्ताओं ने यात्रा में जमकर नारेबाजी भी की। शहीद स्मारक पर यात्रा के समापन पर भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने मोदी सरकार की किसानों से जुड़ी योजनाओं से अवगत कराया। कहा कि किसान हित में केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें खासतौर पर किसान सम्मान निधि अहम है। कोठारी ने केंद्र की नौ साल की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी शासनकाल में ही देश में किसानों का मान बढ़ा है।

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए दावा किया कि लोकसभा चुनाव में तीसरी दफा भी नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी।

## पेंशनर्स की समस्याओं को संसद में उठाएंगे नरेश बंसल

देहरादून। दून केंद्रीय प्रेंशनर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन में श्रीनगर–हल्द्वानी में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर, देहरादून में आयुर्वेदिक यूनिट खेलने समेत कई प्रस्ताव पारित हुए। इस दौरान राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने आगामी संसद सत्र में पेंशनर्स की समस्याओं को उठाने का आश्वासन दिया। देहरादून में नगर निगम के टाउन हॉल में शुक्रवार को एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन का राज्य सभा सांसद नरेश बंसल और मेयर सुनिल उनियाल गामा ने शुभारंभ किया। बंसल ने पेंशनर्स की मांगों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की मांगे जायज हैं, वो आगामी सत्र में इन्हें उठाएंगे। एसोसिएशन के महासचिव चौहान ने अपना दो वर्ष का कार्यावृत प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष अशोक शंकर ने आय व्यय का ब्योरा कार्यकारिणी के सामने रखा। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएस नेगी ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन पेंशनर्स के हितों के लिए कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में दून सहित ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, हल्द्वानी, टिहरी, अल्मोड़ा, पौड़ी आदि जिलों के पेंशनर पहुंचे। मौके पर महासचिव एसएस चौहान, एनएन बलूनी, केएस बंगारी, रवींद्र सेमवाल, विष्णु शर्मा, अशोक शंकर, एचएस काला, जयानंद, बलबीर राणा, आईएस पुंडीर, अनिल वर्मा, स्वामी एस चंद्रा आदि शामिल थे।

### स्वच्छता समिति कर्मचारियों का वेतन खातों में हो जारी

देहरादून। महर्षि वाल्मीकि सेना उत्तराखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मेयर सुनील उनियाल गामा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पदाधिकारियों ने पार्षदों की अध्यक्षता में बनी स्वच्छता समितियों के तहत रखे गए 900 के करीब सफाई कर्मचारियों का वेतन सीधे खातों में जारी की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि इन समितियों में कई तरह की खामियां हैं। इसलिए समितियों में जो कर्मचारी हैं उनके बैंक में खाते खुलवाकर वेतन भी खाते में जारी किया जाए। राष्ट्रीय महामंत्री जयपाल वाल्मीकि और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि 2017 में रात्रि में सफाई के लिए 70 कर्मचारियों को तैनात किया गया था।

## लांघा में हुई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित



विकासनगर। हमारा कार्यकर्ता, हमारा गौरव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत लांघा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से बैठक आयोजित की गई। इस दौरान लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा करने के साथ ही वर्तमान राजनैतिक हालातों पर भी मंथन किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से लोक सभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार मिलेगी। इसके लिए जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि इन दिनों पूरे देश में फासीवादी ताकतें हावी हैं। ये ताकतें सत्ता का उपयोग सिर्फ खुद के लिए कर रही हैं। इनका मकसद किसी भी तरह से सत्ता पर काबिज रहना है। उन्होंने कहा कि सत्ता पर काबिज रहने के लिए फासीवादी ताकतें लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने के साथ ही अभिव्यक्ति की आजादी पर भी रोक लगाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें कांग्रेस ने मजबूत की हैं। आजादी के समय पंडित नेहरू वैश्विक स्तर के नेता थे। जो लोग उन पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें यह भी सोचना चाहिए परिवारवाद राजशाही परंपरा रही है,

## डीएम गर्ब्याल की अध्यक्षता में हुई समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा प्रोबेशन विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

हरिद्वार। जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट में समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा प्रोबेशन विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्री धीराज गर्ब्याल को समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने अन्त्योदय योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, परित्यकता पेंशन, बौना पेंशन, तीलू रौतेली(दिव्यांग) पेंशन, अटल आवास योजना, शादी अनुदान योजना, अत्याचार पीड़ित योजना, अल्पसंख्यक कल्याण के अन्तर्गत मुख्यमंत्री मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हुनर योजना, मौलाना आजाद ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण, अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति, जनजाति एवं निराश्रित विधवाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि अनुसूचित जाति,



जनजाति एवं निराश्रित विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु 50 हजार की अर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अधिकारियों ने बताया कि वृद्धावस्था, दिव्यांग व विधवा पेंशन के अन्तर्गत 1500 रूपये मासिक की पेंशन दी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा बहुद्देशीय शिविरों के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि समय–समय पर बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन करते हुए शिविर स्थल पर ही पात्र व्यक्तियों को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

अटल आवास योजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत जो आवासहीन, बीपीएल की श्रेणी में हो, उसके नाम जमीन हो, को 1,20,000 की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस योजना का लाभ जनपद हरिद्वार के प्रत्येक ब्लाक के हिसाब से अधिक से अधिक लोगों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूछे जाने पर कि विधवा पैंशन आदि प्रत्येक माह उनके खातों में भेजी जा रही है, के सम्बन्ध में अधिकारियों ने बताया कि मई,2023 तक की धनराशि लाभार्थियों के खाते में भेजी जा चुकी है।

## महिला बच्ची के साथ लापता, खोजबीन में जुटी पुलिस

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल क्षेत्र के अंतर्ग कसाणी बडियारी गांव निवासी एक विवाहिता के सात वर्षीय बालिका के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता सात वर्षीय बालिका के साथ घर से बिना बताए कहीं चली गई है। महिला के पति ने थाना थलीसैंण में पत्नी व बच्ची की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष थलीसैंण सतेन्द्र भंडारी ने इसकी जांच रिपोर्टिंग चौकी बीरोंखाल पडिंडा प्रभारी को दे दी है। कसाणी बडियारी गांव के रोशन सिंह रावत ने पुलिस को तहरीर दी की पत्नी दीपा देवी सात वर्षीय बेटी को लेकर दो दिन पूर्व बिना बताए घर से चली गई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया पा रहा है। उन्होंने कहा कि दीपा देवी अपने साथ सारे जेवरात और चालीस हजार रुपये भी ले गई है। उधर, बीरोंखाल पडिंडा चौकी प्रभारी अमित भट्ट ने बताया कि कसाणी बडियारी गांव की गुमशुदा महिला की खोजबीन जारी है।

# आंदोलनकारियों ने उठाई चिन्हीकरण की समस्या के निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने राज्य आंदोलनकारियों की चिन्हीकरण सहित अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि आंदोलनकारी पिछले कई वर्षों से समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, हर बार उनकी अनदेखी की जा रही है।

शुक्रवार को आंदोलनकारियों ने मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में आंदोलनकारियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 31 दिसंबर 2021 को प्रदेश के विभिन्न जिलों में चिन्हीकरण समितियों की बैठक संपन्न हुई, लेकिन पौड़ी जिले में कोई बैठक नहीं हुई। इसलिए राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण संबंधित आवेदनों को तहसील



कोटद्वार तहसील में ज्ञापन देते आंदोलनकारी

स्तर पर अभिसूचना इकाई द्वारा जांच करवाकर देहरादून व नैनीताल जिले की तरह जिला चयन समिति व आंदोलनकारी संगठनों के साथ बैठक कर निस्तारित किया जाना चाहिए। साथ ही ज्ञापन में सितंबर 2021 व अप्रैल 2023 के शासनादेश के अनुसार आवेदक आंदोलनकारी मृतक आश्रितों की पेंशन जारी करने व चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन देहरादून की तर्ज पर कोषागार से उनके बैंक खातों में भेजने की मांग भी की गई है। चेतावनी दी गई है कि मांगों पर 15 दिनों के अंदर कार्रवाई न होने की दशा में राज्य आंदोलनकारी आंदोलन पर मजबूर होंगे। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गुलाब सिंह रावत, प्रवेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र, दुर्गा काला, पुरूषोत्तम डबराल, भागीरथी देवी, दीपक ध्यानी, कलम सिंह, विनोद अग्रवाल और हरि सिंह आदि थे।

## पौड़ी में एक स्टेट हाईवे सहित 11 सड़कों पर यातायात ठप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद में बारिश के कारण शुक्रवार को 11 मोटर मार्गों पर यातायात ठप रहा। बंद सड़कों में एक स्टेट हाईवे भी शामिल है। जिले भर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश के कारण सड़कों पर मलबा आने से सड़कें आवाजाही के लिए अवरुद्ध हो रही हैं। हालांकि लोनिवि ने सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई है। लोनिवि अफसरों ने बताया कि बंद सभी सड़कों को शुक्रवार को ही खोल दिया जाएगा। पौड़ी जिले में शुक्रवार को स्टेट हाईवे कर्णप्रयाग-नौटी सहित मुख्य जिला मार्ग बैजरों-जसपुरखाल-भंडेली और ग्रामीण मार्ग भेडा-गगनाऊ जीवारी-बिरगना, कांडा-घिंडयाली, ताल बसेरी, पौंखाल-दूणी-मांडई, द्वारी-सिलगांव, बाघाट-पांटली सहित 11 सड़कों पर आवाजाही दिनभर ठप रही। लोनिवि के अधीक्षण अभियंता पीएस बृजवाल ने बताया कि सभी बंद सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है। सभी सड़कों पर शुक्रवार को ही आवाजाही शुरू हो जाएगी।

# मान्य भाटिया की उपलब्धि पर जताई खुशी



मान्या भाटिया को मिष्ठान खिलाते स्वजन।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : देहरादून के वेनटेज हॉल गर्ल्स रेजिडेंशियल स्कूल की 10 छात्राओं ने वर्ल्ड स्कॉलर्स कप दोहा ग्लोबल राउंड प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें कोटद्वार के व्यापारी गौरव भाटिया की पुत्री मान्या भाटिया ने 6 मैडल जीत कर येल यूनिवर्सिटी यूएसए के अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। साथ ही स्कूल की 9 लड़कियों ने भी प्रतियोगिता के अगले राउंड के लिये क्वालीफाई किया। मान्या की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता ने मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर मनाया विरोध दिवस

श्रीनगर गढ़वाल : एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर शुक्रवार को विरोध दिवस मनाया। इस मौके पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट श्रीनगर ने मणिपुर में हो रही हिंसा व उसके कारणों को पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को बताया। एसयूसीआई के स्टेट कोर्डिनेटर मुकेश सेमवाल ने इस दौरान मणिपुर में हो रही सांप्रदायिक हत्याओं और आगजनी पर केंद्र और राज्य सरकार की कड़ी शब्दों में निंदा की। कहा कि केंद्र सरकार जानबूझकर इस सांप्रदायिक टकराव को जारी रहने दे रही है। कहा इस मसले पर भाजपा की केंद्र सरकार केवल मूक दर्शक बनी हुई है। (एजेंसी)

## 2 करोड़ 38 लाख की लागत से होगा चार मोटर मार्गों का डामरीकरण

**श्रीनगर गढ़वाल** : वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के खिर्सू ब्लॉक के चार मोटर मार्गों के डामरीकरण के लिए दो करोड़ 38 लाख 41 हजार रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है। जिसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत का आभार जताया है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा खिर्सू ब्लॉक के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी की गई है। कहा कि खिर्सू-श्रीनगर मोटर मार्ग से बलोड़ी गांव वृद्धाश्रम तक डामरीकरण कार्य के लिए 79 लाख 78 हजार रुपए, चौबट्टा हुलाकीखाल कठूली मोटर मार्ग से प्राथमिक विद्यालय डंगू तक मोटर मार्ग डामरीकरण के कार्य के लिए 62 लाख 53 हजार रुपए, डुंगरीपंथ छांतीखाल से कफोलीमली गांव मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्य के लिए 53 लाख 1 हजार रुपये व डुंगरीपंथ-छांतीखाल से गोस्तू गांव हेतु 43 लाख 9 हजार रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति कराई गई है। इसके लिए खिर्सू मंडल के अध्यक्ष रमेश मन्द्रवाल, मंडल महामंत्री अनिल भंडारी, मनीषा बहुगुणा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना गैरोला आदि ने कैबिनेट मंत्री का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया है। (एजेंसी)

# 4.50 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने 4.50 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि एसएसपी के आदेश पर नशे के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए बकायदा पुलिस की विशेष टीमें भी गठित की गई है। बताया कि देवी रोड में गश्त के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक घूमता हुआ नजर आया। पुलिस ने जब उक्त युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से 4.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई। युवक की पहचान सिताबपुर निवासी मुकेश चौहान के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# विकास कार्यों के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने सीएम से मांगा धन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से धनराशि देने की मांग की है। कहा कि धन के अभाव में विकास कार्य धरातल पर नहीं उतर पा रहे हैं। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को जल्द ही धनराशि देने का आश्वासन दिया।

शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष ने देहरादून कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

कहा कि प्रति वर्ष सैकड़ों पर्यटक कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ व पाखरो क्षेत्र में वन्य जीवों के दीदार को पहुंचते है। लैंसडौन वन प्रभाग कोटद्वार राजाजी टाइगर रिजर्व व कार्बेट



देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से कोटद्वार विस के संबंध में वार्ता करती ऋतु खंडूड़ी भूषण

टाइगर रिजर्व के मध्य कारीडोर का कार्य करता है। यह प्रभाग वन्य जीवों के साथ ही चिड़ियाओं के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में इसे ईको-टूरिज्म जोन में सम्मिलित किया जाना चाहिए। उन्होंने सनेह, कोल्हूचौड़, चौखम, नौड़ी व दुगड्डा वन विश्राम गृह के सौंदर्यीकरण के साथ ही सनेह में प्रवेश द्वार व वन मोटर मार्ग मरम्मत की भी मांग उठाई। मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर आवासीय भवन व कृषि भूमि से गुजर रही विद्युत तारों को शिफ्ट करवाने, नलकूप की स्थापना करने व जर्जर पेयजल लाइनों की मरम्मत करवाने के लिए धनराशि देने की मांग उठाई। कहा कि कोटद्वार क्षेत्र के सिगड्डी में कई वर्षों से सिचाई नहरें क्षतिग्रस्त पड़ी हुई हैं। इन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

# सीयूईटी-पीजी परीक्षा न होने से छात्र नेताओं में आक्रोश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के छात्र नेताओं ने सीयूईटी-पीजी परीक्षा देने से वंचित रहे छात्रों की परीक्षा न कराए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि छात्रों ने परीक्षा शुल्क जमा किया है, लेकिन उनके प्रवेश पत्र न आने के कारण वह परीक्षा नहीं दे पाए। ऐसे छात्रों के लिए परीक्षा एजेंसी एनटीए ने 23 से 30 जून तक परीक्षा कराए जाने की बात कही थी, बावजूद उनकी परीक्षा नहीं हो पाई।

शुक्रवार को इस मुद्दे को लेकर गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट व गढ़वाल विवि के सीयूईटी नोडल अधिकारी प्रो. अनिल नौटियाल के समक्ष जय हो ग्रुप के कैवल्य जखमोला, वींरेंद्र बिष्ट, पुनीत अग्रवाल, चिराग बहुगुणा के अलावा योगेश दानू, काव्या व काजल आदि ने रोष जताया। कहा कि बीएड, एलएलबी व एमएसी गणित के ऐसे कई छात्र हैं जिनके सामने यह समस्या आई है।

कहा उन्हें परीक्षा का मौका न मिलने से उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो. भट्ट ने उन्हें दो एनटीए की ओर से दो जुलाई को परीक्षा कराए जाने का आश्वासन दिया, लेकिन वह इस बात पर अड़े रहे कि यदि दो जुलाई को परीक्षा नहीं हुई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें लिखित आश्वासन नहीं मिलता है तब तक वह प्रति कुलपति कार्यालय में धरने पर रहेंगे। बाद में सीयूईटी के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल नौटियाल द्वारा एनटीए के सीनियर डायरेक्टर से दूरभाष पर वार्ता का हवाला देते हुए सीयूईटी-पीजी परीक्षा दो जुलाई को आयोजित कराए जाने का लिखिल आश्वासन छात्रों को दिया गया। जिसके बाद ही छात्र नेता माने। छात्र नेताओं ने कहा कि यदि दो जुलाई को परीक्षा नहीं हुई तो उन्हें उग्र आंदोलन को विवश होना पड़ेगा। (एजेंसी)

# पूर्व सैनिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिकों ने क्षेत्र की कई समस्याओं का निस्तारण और मांगें पूरी नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। समस्याओं के निस्तारण को लेकर पूर्व सैनिकों ने तहसील में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।इस संबंध में बदरीनाथ मार्ग स्थित एक होटल के सभागार में पूर्व सैनिकों की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधानसभा की समस्याओं का निस्तारण न होने से आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिषद इन समस्याओं को लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष उठाती आ रही है, लेकिन समस्याएं अभी भी जय की तस हैं। उनकी प्रमुख मांगें हैं कोटद्वार में जिलाधिकारी कैंप आरंभ करना, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, लावारिस पशुओं की समस्या और कूड़ा निस्तारण शामिल है। पूर्व सैनिकों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो पूर्व सैनिक तहसील में धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। बैठक में जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, सुरेश रावत, महावीर सिंह, अनूप बिष्ट, विनोद ध्यानी, प्रभाकर रावत, चंद्रजीत सिंह, विद्यादत्त ध्यानी और मनमोहन सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## प्रांतीय अधिवेशन में इच्छुक शिक्षकों को प्रतिभाग करने की अनुमति दी जाए

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय शिक्षक संघ टिहरी ने 6 एवं 7 जुलाई को राइंका अल्मोड़ा में होने वाले शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं प्रांतीय अधिवेशन में प्रतिभाग के लिए डेलिगेट्स को छोड़ अन्य शिक्षकों को अनुमति न दिए जाने पर शिक्षकों ने आक्रोश जताया है। इस संदर्भ में संघ ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट से अधिवेशन में इच्छुक शिक्षकों को प्रतिभाग करने के लिए अनुमति दिए जाने की मांग की है।

राजकीय शिक्षक संघ टिहरी के जनपद अध्यक्ष दिलवर सिंह रावत एवं जिला मंत्री डा. बुद्धि प्रसाद भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड में राजकीय शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन 6 वर्षों के बाद होने जा रहा है। लेकिन प्रांतीय अधिवेशन में केवल डेलिगेट्स को अनुमति दी गई है, जो कि न्याय संगत नहीं है। कहा कि उत्तराखंड में शिक्षकों द्वारा लगातार रचनात्मक गतिविधियों, शैक्षिक नवाचार आदि शैक्षिक सुधार कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिसे शिक्षक शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी के माध्यम से सभी प्रतिभागी शिक्षकों के सम्मुख प्रदान करते हैं। उन्होंने शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं प्रांतीय अधिवेशन में विद्यालयों के संचालन के साथ-साथ इच्छुक शिक्षकों को भी प्रतिभाग करने का अवसर दिए जाने की मांग की है। इसके साथ ही राशिसं के जिला अध्यक्ष दिलवर सिंह रावत ने ट्रांसफर ऐक्ट के अनुसार अधिकतम शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ देने पर अपर शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने शिक्षकों का कार्यमुक्त होकर कार्यभार ग्रहण करने हेतु 10 जून का समय दिए जाने और स्थानातंरण से वंचित शिक्षकों के प्रत्यावेदन पर विचार किए जाने की मांग भी की है। (एजेंसी)

## सुपाणा में अलंकनंदा और देवप्रयाग में भागीरथी नदी पर बनेंगे पुल

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर के चौरास क्षेत्र के अंतर्गत सुपाणा में अलकनंदा नदी पर 110 मीटर लंबा मोटर पुल तथा देवप्रयाग में भागीरथी नदी पर 70 मीटर लंबा पैदल पुल का निर्माण होगा। इन पुलों के निर्माण के लिए यूडीआरपी के तहत बजट का निर्धारण कर दिया गया है। लोगों को इसका लाभ मिले इसके लिए निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की अग्रिम कार्यवाही जल्द से जल्द कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि सुपाणा में पूर्व में निर्मित मोटर पुल काफी पुराना हो चुका है। इस पर श्रीनगर की पेयजल लाइन गुजरने से पुल पर वाहनों के आवागमन में दिक्कतें हो गई है। जिसको देखते हुए यहां पर नए पुल का प्रस्ताव तैयार कराया गया था। उन्होंने कहा के इस पुल के निर्माण होने से चौरास व बडियारगढ़ क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। करीब 15 करोड़ 30 लाख की लागत से तैयार होने वाले इस पुल को कीर्तिनगर से बाइपास के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि देवप्रयाग में भागीरथी नदी पर पैदल पुल की मांग लोगों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। जिसके लिए 2 करोड़ 90 लाख रूपए के बजट के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। कहा डिपार्टमेंटल इंपावर्ड कमेटी की ओर से उक्त प्रस्तावों को एप्रूव्ड किया गया है। (एजेंसी)

## नौ सालों में देश की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनी अलग पहचान

नई टिहरी : नरेन्दनगर के नगर पंचायत गजा के निकटवर्ती बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने महा जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र सरकार के नौ साल के सफल कार्यकाल के बारे बताया। उन्होंने कहा कि नौ सालों में देश की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग ही पहचान बनी है। शुक्रवार को नरेन्द्रनगर विधानसभा के नगर पंचायत गजा और आसपास के बूथों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नौ साल विभिन्न योजनाओं को संचालन किया है, जिसका पात्र लोगों को लाभ मिल रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को वृहद स्तर पर चलाने का आह्वान किया। कहा कि कार्यकर्ता लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, मुफ्त राशन, कन्याधन योजना सहित तमाम कल्याकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दे। साथ ही नए मतदाताओं को पार्टी के साथ जोड़ने का काम भी करें। मौके पर गजा नगर पंचायत अध्यक्ष मीना खाती, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीशचंद्र बंठवाण, चतर सिंह, गजेन्द्र खाती, रतन सिंह रावत, मंगल सिंह, दिनेश बिजल्वाण, मुकेश प्रसाद, चंद्रिका बिजल्वाण, प्रेम सिंह, मुकेश थपलियाल, दौलत सिंह, जितेंद्र सिंह, शैलेंद्र चौहान, पुष्पा चौहान, कुन्दन दास, फ्यौला देवी,जगती दास आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## भाजपा लोस चुनाव में रिकॉर्ड सीटें जीतकर सरकार बनाएंगी

चमोली : गढ़वाल लोकसभा सांसद और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से रिकार्ड सीटें जीतकर सरकार बना कर जनता की सेवा करेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा, गौरव और जनहित में जो अभूतपूर्व जन कल्याण के कार्य हुए हैं। जनता ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की जन सेवा के संकल्प के कार्य को देखते हुए भाजपा की ही सरकार फिर बनेगी। भाजपा के महा सम्पर्क अभियान के तहत सीमांत जनपद चमोली में भाजपा की टीम के साथ घर-घर सम्पर्क करते हुए और समाज के वरिष्ठ नागरिकों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, भूतपूर्व सैनिकों, वैज्ञानिकों, महिला मंगल दलों, युवाओं, चिंतकों, सामाजिक संगठनों से सम्पर्क कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पत्रक देकर गोपेश्वर में घर-घर सम्पर्क किया।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड : एक गवाह के दर्ज हुए बयान, नहीं पहुंचा मुख्य गवाह



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड प्रकरण को लेकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में शुक्रवार को एक गवाह के बयान दर्ज हुए। जबकि मुख्य गवाह के न्यायालय में न पहुंचने के कारण उसकी गवाही नहीं हो पाई।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सीजन ट्रायल के तहत शुक्रवार को मुख्य गवाह पुष्पदीप की गवाही होनी थी। लेकिन पुष्पदीप न्यायालय में नहीं पहुंचा, जिस कारण उसकी गवाही नहीं हुई। बताया कि पुलिस की ओर से मामले में एकत्र डाटा की जांच करने वाले एक पुलिसकर्मी की न्यायालय में गवाही हुई। गवाही के दौरान तीन आरोपित भी न्यायालय में मौजूद रहे। मामले में अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

# गांव के विकास के लिए आगे आने का संकल्प लिया

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर विकासखंड के पाटाखाल गांव में भूमिया देवता का पूजन और मिलन समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। वर्षों से गांव छोड़कर दिल्ली, देहरादून व अन्य शहरों में रह रहे प्रवासी लोगों ने पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर गांव के विकास के लिए आगे आने का संकल्प लिया। पूजन कार्यक्रम में गांव की ध्याणियों ने भी शिरकत की। भेंट के रूप में उन्हें रोट, आड़सा देकर विदा किया गया।

50 से अधिक परिवार वाले पाटाखाल गांव में वर्तमान में मात्र चार-पांच परिवार ही हैं। पलायन का दंश झेल रहे इस गांव में वर्तमान में सड़क, पानी, बिजली की पर्याप्त सुविधा है, लेकिन रोजगार व शिक्षा सहित पूर्व में व्याप्त समस्याओं के चलते यहां से अधिकांश परिवारों ने पलायन कर दिया। गांव की रौनक लौटाने व रिवर्स पलायन के उद्देश्य से ग्रामीणों द्वारा यहां पर जून माह के अंतिम सप्ताह में ग्राम देवता भूमिया का पूजन व मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गांव छोड़कर शहरों में रह रहे लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर गांव को पुनः नया स्वरूप देने का संकल्प लिया। इसके तहत सबसे पहले गांव में भूमिया देवता का भव्य मंदिर बनाए जाने व प्रत्येक वर्ष समारोह कराए जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए गांव के परिवार के लोगों ने ही जमीन निःशुल्क दिए जाने पर सहमति व्यक्त की।

समारोह के आयोजक मंडल सदस्य डा. नारायण प्रसाद उनियाल ने कहा कि गांव के प्रवासी लोगों ने गांव पहुंचकर गांव के विकास के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का मन बनाया है। कहा कि इस कार्य के धरातल पर उतरने से यह अन्य गांवों के लिए भी नजीर साबित होगा। (एजेंसी)


# मजदूरों की मजदूरी तय करने की मांग



पिथौरागढ़ : यूथ कांग्रेस ने प्रशासन से मजदूरों की मजदूरी तय करने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मजदूरी को लेकर सोशल मीडिया में प्रचारित पोस्टरों से लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

इससे आमजन परेशान हैं। शुक्रवार को नगर में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक बोहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम रीना जोशी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व ट्रेड यूनियन नामक संस्था ने मजदूरी को लेकर एक पोस्टर जारी किया है। जिसमें अप्रत्याशित तौर पर मजदूरी बढ़ाई गई है। इससे लोगों में असमंजस की स्थिति है। मजदूरों में भी मजदूरी को लेकर भ्रम उत्पन्न हो गया है। कार्यकर्ताओं ने आमजन को हो रही दिक्कत को देखते हुए प्रशासन से मजदूरी के मानकों अनुसार वास्तविक मजदूरी तय करने को कहा है। ज्ञापन देने वालो में विधानसभा महासचिव संजय कोहली, बॉब कन्याल, धीरज बेरी, शुभम भट्ट, मुकेश, हिमांशु, रोहित मेहरा, कमलेश आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# बिजली कटौती से आम जन जीवन प्रभावित



हल्द्वानी। उमस भरी गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जन जीवन प्रभावित रहा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर दिन तीन से चार घंटे कटौती होने से रोज लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार देर रात टीपी नगर बिजलीघर से सप्लाई ठप होने से करीब चार घंटे और शुक्रवार दिन में अलग–अलग समय में कटौती से लोग बेहाल रहे। हर दिन हो रही बिजली कटौती से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है। गुरुवार देर रात करीब 10.30 बजे 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने से टीपीनगर बिजलीघर से जुड़े क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। करीब चार घंटे बाद देर रात 2.30 बजे सप्लाई बहाल हो पायी। शुक्रवार को भी दिन में लोगों को कटौती का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम जरूरत के अनुसार सप्लाई कराने में नाकाम हो रहा है। विभाग ने लॉपिंग चॉपिंग के नाम पर पूर्व में हफ्तों तक कटौती की। इसके बाद भी मौसम खराब होने पर पेड़ों की टहनियां तारों से टकरा रही हैं। ऐसे में लोगों ने विभाग की ओर से किए मेटेनेंस कार्य पर सवाल उठाने खड़े कर दिए हैं। ईई डीडी पांगती के अनुसार 33 केवी की लाइन में फॉल्ट आने से सप्लाई बाधित रही। विभागीय टीम ने फॉल्ट ठीक कर सप्लाई बहाल की।

# क्वाटर फाइनल में खटीमा ने बनबसा को 3-2 से हराया



रुद्रपुर : पवित्र यंग क्लब और नगर खेल समिति के तत्वावधान में चल रही गुरुपद विश्वास मेमोरियल अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता (दिनेशपुर कप) के अंतिम क्वाटर फाइनल मैच में खटीमा एफसी ने बनबसा की टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबलें में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। शानदार प्रदर्शन पर खटीमा के प्रदीप सिंह मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के बीच में खेले गए क्वाटर फाइनल मैच मे शुरुआत से ही दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बनवसा ने पहला गोल पेनल्टी किक से किया। इसके तुरंत बाद खटीमा ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।मध्यांतर के बाद खटीमा ने एक गोल करके स्कोर 2-1कर दिया। बनबसा के खिलाड़ियों ने जबाबी हमला बोल दूसरा गोल दागकर स्कोर फिर बराबर कर दिया। अंतिम क्षणों में खटीमा के अग्रीम पंति के खिलाड़यों ने एक गोल और कर स्कोर 3-2 करके मैच को अपने पक्ष में कर लिया।शानदार पर खटीमा के प्रदीप को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। भूपाल सिंह नेगी, आनंद देव और आशीष डे निर्णायक थे। सरोज मंडल और रवि सरकार ने मैच का आंखों देखा हाल सुनाया। इससे पहले मुख्य अतिथि जिला योजना समिति के सदस्य गोविंद मंडल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके मैच का शुभारंभ किया।

इस मौके पर प्रायोजक हिमांशु सरकार, नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार, अरुण विश्वास, रोहित मंडल, मनोज राय उर्फ मुन्ना, विकास सरकार, सत्यप्रकाश सिंह, सुरेश कुमार, विमल राय, आनन्द कुमार, दीपक मक्कड़, भवेश हाल्दार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# ई-चौपाल में सीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं का किया निराकरण

रुद्रपुर : मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने शुक्रवार को जिला कार्यालय से ई-चौपाल के माध्यम से तहसील खटीमा के ग्राम नौसर की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी से सीधे संवाद किया।

ई-चौपाल में कुल 30 समस्याएं दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ई-चौपाल में सर्वाधिक समस्याएं किसान पेंशन, बिजली, आवास, सड़क, पानी, राशन कार्ड आदि से संबंधित थीं। मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष नरेश कुमार, ओम प्रकाश, इंद्रजीत, सस्ती मौर्या, सोमनाथ मौर्या, लाल देवी, किशन सिंह, कृपाल सिंह, जान मसीह, वाल सिंह ने किसान सम्मान निधि न मिलने का मामला उठाया। सीडीओ ने कृषि विभाग के अधिकारियों को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। कस्तूरा देवी, भागीरथी, दुईजा देवी ने वृद्धा पेंशन की मांग रखी। सीडीओ ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को जांच कर पात्र लोगों के आवेदन पूर्ण कराते हुए योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। बासमती देवी, रामसामुज, मनबहादुर, रामदुलारे, रविन्द्र वर्मा ने विद्युत कनेक्शन व लो वोल्टेज, राम बिलास सिंह ने विद्युत मीटर ठीक कराने संबंधी समस्या रखी। राजकुमार, आशा देवी ने राशन कार्ड ऑनलाइन में दो जगह दिखाने का मामला, मोहम्मद जावेद ने बीपीएल राशन कार्ड, मो. अजीम ने राशन कार्ड बनाने की मांग की। सीडीओ ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को जांच कर एक सप्ताह में समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। रविन्द्र वर्मा ने ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण, पशु चिकित्सालय का उच्चीकरण करने, पक्की सड़क निर्माण की मांग रखी। सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को मौका मुआयना कर जांच करने व कार्ययोजना में शामिल करते हुये नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सुभाष मौर्या की पानी कनेक्शन की मांग पर सीडीओ ने जल निगम के अधिकारियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी का कनेक्शन देने के निर्देश दिए। मोहम्मद जावेद ने आवास, शौचालय, जल निकासी, गैस कनेक्शन की मांग रखी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों ई-समाधान चौपाल में आई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान कराने के आदेश दिए। जिससे किसी को भी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए अनावश्यक इधर-उधर चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि ई-चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के साथ-साथ प्रशासन का भी समय और पैसा दोनों की बचत हो रही है। ई-चौपाल में जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार सहित विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। (एजेंसी)

## भीम आर्मी चीफ के हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई

चम्पावत : भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर हमला करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर भीम आर्मी चम्पावत के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

उन्होंने दोषियों पर रासुका के तहत कार्यवाही की मांग उठाई। कार्यकर्ता बंशीधर, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, सौरभ कुमार, भरत कुमार, सुनील कुमार, संजय विश्वकर्मी ने कहा कि 28 जून को सहारनपुर के देवबंद में कुछ अराजक तत्वों ने चंद्रशेखर आजाद पर घात लगाकर हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए थे। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आजाद ने पूर्व में कई बार अपनी सुरक्षा को लेकर सहारनपुर के एसएसपी, डीजीपी और सीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

# सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : सोरघाटी सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति ने मानदेय सहित विभिन्न मांगें पूरी न होने पर प्रदर्शन किया। विक्रेताओं ने शासन–प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि हर बार उन्हें झूठा आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने शीघ्र मांग पूरी न होने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। शुक्रवार को नगर के तिलढुकरी स्थित एक बारात घर में अध्यक्ष मनोज पांडेय के नेतृत्व में सस्ता गल्ला विक्रेता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओ ने कहा कि लंबे समय से वह पुराने बिलों का भुगतान और मानदेय को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सिवाय झूठे आश्वासन के उन्हें अब तक कुछ नहीं मिला। इससे सभी विक्रेताओं में आक्रोश व्याप्त है। बाद में उन्होंने बैठक कर आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की। इस मौके पर महासचिव कैलाश चंद्र जोशी, मनोज कापड़ी, कैलाश उप्रेती, कैलाश जोशी, ललित महर, कमल टम्टा, केशवदत्त कांडपाल, कैलाश उप्रेती, भागिरथी बिष्ट, दिवान सिंह मेहता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एक नजर

### नए मतदाताओं के सत्यापन कराने की मांग

चम्पावत : गौरव सेनानी कल्याण समिति ने निकाय चुनाव से पूर्व पालिका क्षेत्र के नए मतदाताओं का सत्यापन किए जाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने कहा कि वोटर नामावली की जांच और सत्यापन होना जरूरी है। क्योंकि बनबसा रेलवे स्टेशन के पूरब और पश्चिम दिशा में काफी वोटर बढ़ गए हैं। जिनकी तफ्तीश की जानी बेहद आवश्यक है। कहा कि बनबसा टनकपुर क्षेत्र मित्र देश नेपाल से लगती सीमा होने के कारण यहां पर अपराधी, असामाजिक तत्व, आतंकवादी अलगाववादी भी शरण ले सकते हैं। पूर्व सैनिकों का कहना है कि प्रशासन और क्षेत्रीय नागरिकों का कर्तव्य बनता है, ऐसे घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। (एजेंसी)

### एडीएम ने सुनी पूर्व सैनिकों की समस्याएं

चम्पावत : एडीएम हेमंत कुमार वर्मा ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने को कहा है। जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक में उन्होंने ये निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ने पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी। शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक हुई। कूण पाटी निवासी पूर्व सैनिक हयात सिंह ने क्षेत्र में रसोई गैस उपलब्ध कराने की मांग की। नेवलटूकरा के प्रेम सिंह ने उनके दादा तेज सिंह को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी घोषित करने को कहा। काकड़ निवासी ललित सिंह अधिकारी ने पल्ली–जिन्डी सड़क को लोनिवि को हस्तांतरित करने की मांग की। पूर्व सैनिक लीग ने लोहाघाट सैनिक विश्राम गृह परिसर में इनडोर जिम खोलने और पूर्व सैनिक सेवा केंद्र खोलने और शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण करने को कहा। वीरांगना जानकी देवी ने स्टैंड पोस्ट बनाने व जमीन दिलाने की मांग की। पूर्व सैनिक लीग चम्पावत टाईगर्स ने 119 ब्रिगेड पिथौरागढ़ जाने को बस चलाने, डीएच में हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती, सीएसडी कैंटीन खोलने, सैनिक विश्राम गृह छत मरम्मत करवाए जाने की मांग की। एडीएम ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रिटायर्ड ले. कर्नल बीपी भट्ट ने विभागीय जानकारी दी। बैठक में सीईओ आरसी पुरोहित, एपीडी विम्मी जोशी, डीएसओ भुवन पंत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### शौर्य दिवस पर कारगिल योद्धा होगें सम्मानित

चम्पावत : 26 जुलाई को होने वाले शौर्य दिवस में कारगिल योद्धा व शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान छात्र छात्राओं की तमाम प्रतियोगिता व खेल होंगे। शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में हुई तैयारी बैठक में एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रिटायर्ड ले. कर्नल बीपी भट्ट ने बताया कि शौर्य दिवस पर रोडवेज बस स्टेशन से शहीद स्मारक सैनिक कल्याण परिसर तक मार्च पास्ट होगा। जिले के कारगिल युद्ध के योद्धाओं के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। कारगिल युद्ध लड़न वाले दान सिंह मेहता को सम्मानित किया जाएगा। (एजेंसी)

### अवैध खनन भंडारण पर एसडीएम सख्त

चम्पावत : टनकपुर में अवैध उपखनिज भंडारण करने पर एसडीएम ने सख्ती की है। खच्चर पड़ाव पर एक परिवार ने बगैर अनुमति के अवैध रूप से भंडारण किया था। एसडीएम ने मामले में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डीएम को फाइल भेजी है। उपखनिज भंडारण की सूचना मिलने पर एसडीएम सुंदर सिंह ने गुरुवार देर शाम मौका मुआयना किया। (एजेंसी)

### दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की

चम्पावत : लोहाघाट क्षेत्र की रहने वाली एक दसवीं की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर जान दे दी। नाबालिग के आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का पता नहीं लग सका है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को दसवीं में पढ़ने वाली छात्रा दोपहर के वक्त घर के अंदर दुपट्टे से फंदा बनाकर लटक गई। परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो वह आनन फानन में उसे लेकर उपजिला अस्पताल पहुंचे। डॉ. करन ने बताया कि नाबालिग छात्रा की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो गई थी। एसओ मनीष खत्री ने बताया कि पुलिस ने मृतक छात्रा का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक घटना के वक्त छात्रा घर अकेली थी। छात्रा की मां खेत में काम कर रही थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। (एजेंसी)

# लंपी के कहर से परेशान पशुपालकों ने किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : नगर के दौला वार्ड में लंपी वायरस के कहर से आठ मवेशियों की मौत हो गई। कई मवेशी अभी भी इस बीमारी से जूझ रहे हैं। पीड़ित पशुपालकों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए यहां प्रदर्शन किया व वार्ड में शिविर लगाने की मांग की है। शुक्रवार को नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट में दौला वार्ड की सभासद भावना नगरकोटी के नेतृत्व में लोगों ने पहुंचकर आक्रोश प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से वार्ड में लंपी वायरस का प्रकोप चल रहा है। अब तक 33 से अधिक मवेशी लंपी वायरस की चपेट में आए हैं। आठ मवेशियों को तो अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। कहा कि वार्ड में रहने वाले अधिकतर लोगों का पशुपालन ही रोजगार का मुख्य स्त्रोत है। कई लोगों ने बैंकों से ऋण लेकर भी मवेशी खरीदे हैं, लेकिन बीमारी के कारण मवेशी के मरने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कहा कि अन्य मवेशियों में भी लंपी वायरस न फैले इसके लिए वार्ड में शिविर लगाया जाना बेहद जरूरी है। बाद में उन्होंने डीएम रीना जोशी को ज्ञापन देकर वार्ड शिविर लगाने और पशुपालकों को मवेशियों की साफ-सफाई के लिए मवेशियों को फिनायल सहित अन्य सामाग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

अल्मोड़ा। घर–घर जनसंपर्क अभियान के तहत आज पूर्व राज्यमंत्री गोविंद पिलख्वाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के जनसंपर्क कार्यक्रम को नगर मंडल मुरलीमनोहर शक्तिकेंद्र के नरसिंह बाड़ी दुगालखोला में आयोजित किया गया। जिसमें 9 साल मोदी सरकार की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के बारे में भ्रमण कर लोगों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं 9090902024 डायल नंबर पर मिस कॉल करा कर भारतीय जनता पार्टी व मोदी सरकार को समर्थन की अपील की। आज के कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री गोविंद पिलख्वाल, जिला मंत्री महेश बिष्ट, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जगत तिवारी, नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू, महामंत्री अर्जुन बिष्ट, नगर उपाध्यक्ष चंदन रावत, नगर मंत्री दिशांत पवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विक्रम सिंह बिष्ट बने ताकुला ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष

बागेश्वर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने ताकुला ब्लॉक अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ कांग्रेसी विक्रम सिंह बिष्ट को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर नियुक्त किया है। विक्रम बिष्ट ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेश जिलाध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है। तथा संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है। उनकी नियुक्ति पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, ,पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र बाराकोटी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, ताकुला ब्लॉक प्रभारी मनोज सनवाल, सेवादल अध्यक्ष दिनेश नेगी, जिला कांग्रेस महासचिव त्रिलोचन जोशी, जिला महामंत्री गीता मेहरा, विनोद वैष्णव, जिला महामंत्री दीवान सतवाल, दिनेश पिल्खवाल, सुनील कर्नाटक, ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर कुंदन भंडारी, किशोर नयाल, दिनेश रावत, लता तिवारी, रजनी टम्टा, प्रीति बिष्ट, जया जोशी, दीपा शाह, शरद शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, पूरन रौतेला, रोहित रौतेला, परितोष जोशी, मनोज पाठक, पवन मेहरा, पंकज कार्की, देवेंद्र बिष्ट, युवा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार, नितिन रावत, अनुज शाह, मदन डांगी, धीरज गैलाकोटी, संजीव कर्मयाल, उमेश गुरुरानी आदि ने बधाई दी है।

# बच्चों से भीख मंगवाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : डीजीपी



हल्द्वानी। डीजीपी अशोक कुमार ने हल्द्वानी का भ्रमण कर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। वह ऑपरेशन मुक्ति के तहत आयोजित सेमिनार में भी शामिल हुए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि बच्चों से भीख मंगवाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। शुक्रवार को बहुद्देशीय भवन सभागार में हुए कार्यक्रम में डीजीपी ने कहा कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए बच्चों से उनका बचपन और शिक्षा का अधिकार छीन रहे हैं। यह स्वार्थ बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने में बाधक बन रही है। कहा कि पुलिस प्रशासन ने बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। प्रदेश में अब तक 3550 बच्चों को भिक्षावृत्ति से दूर कर स्कूल पहुंचाया है। नैनीताल पुलिस 350 बच्चों का रेस्क्यू कर 150 को शिक्षित करने का काम कर रही है। जिसमें आरक्षी हरजीत सिंह का प्रयास सराहनीय रहा है। इस दौरान भिक्षावृत्ति के खिलाफ कार्य करने वाली वीरांगना संस्था की गुंजन बिष्ट अरोड़ा ने कहा कि पुलिस प्रशासन की मदद से बीते पांच साल में 10 बच्चों के परिवार की संख्या 247 तक पहुंच गई है।

# डिस्ट्रिक्ट एज फल्क्रम ऑफ डेवलपमेंट विषय पर हुई एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला



अल्मोड़ा। सरकार द्वारा आगामी 5 वर्षों में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है तथा उत्तराखण्ड राज्य को 2025 तक श्रेष्ठ राज्य बनाने एवं सशक्त उत्तराखण्ड राज्य बनाने की परिकल्पना की गई है। इसी को लेकर जनपद स्तर के हित कारकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विचार मंथन कर त्वरित समावेशी विकास सुनिश्चित करने हेतु अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार में डिस्ट्रिक्ट एज फल्क्रम ऑफ डेवलपमेंट (जिला, विकास की धुरी के रूप में) विषय पर एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का शुभारंभ विधायक मनोज तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह समेत डॉ मनोज पन्त, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीपीपीजीजी नियोजन विभाग, तथा संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्या, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल ने संयुक्त रूप से दीप प्रवज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि जिले के विकास आधार के रूप में एवं 30 सूत्रीय/विजन 2030 के लिए सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति एवं सशक्त उत्तराखण्ड 2025 को प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारी एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए अधिक से अधिक स्वरोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके व उनकी आर्थिकी में सुधार किया जा सकेगा। साथ ही स्वयं सहायता समूहों पर भी विशेष गौर करने एवं उनको रोजगार सृजन हेतु अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं जनपद स्तर पर ही धरातल पर उतरती हैं, इसलिए जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा परिचर्चा करना है। इस दौरान उनके द्वारा सभी का स्वागत एवं अभिन्दन करते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक किस प्रकार मिले इस पर चर्चा करते हुए विकास सम्बन्धी कार्य योजना को भविष्य हेतु जनपद के विकास खण्डों, ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न योजनाओं ,स्टैक होल्डरस के माध्यम से सतत विकास लक्ष्य के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर किये जाने हेतु सभी विभागों से अपेक्षा करने के साथ ही विकास खण्ड स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु चर्चा–परिचर्चा कर आवश्यकतानुसार योजनाओं को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

# ग्राम चौपाल में सूचना अधिकारी ने सुनी समस्याएं



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में ग्राम किणजाणी में सूचना अधिकारी रती लाल शाह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सूचना अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। ग्राम चैपाल कार्यक्रम के पश्चात निर्माणाधीन अमृत सरोवर एवं निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।ग्राम चैपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों ने किणजाणी गांव के ऊपर किलोमीटर 28 पर भू-धंसाव होने से गांव की खेती को हुए नुकसान का मुआवजा देने, आधा किलोमीटर सड़क को डामरीकरण करने, क्षतिग्रस्त आंगनवाड़ी केंद्र, शौचालय, सिंचाई नहरों की मरम्मत की मांग की। इसके साथ ही ग्राम वासियों ने बंदरों एवं जंगली जानवरों से खेती की उचित सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। ग्राम प्रधान किणजाणी महेंद्र सिंह बिष्ट ने ग्राम के सभी वार्डों में सोलर लाईट लगाने की मांग की गई। लखपत सिंह एवं सतेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें किसान निधि की धनराशि उपलब्ध नहीं हो रही है। नविता पत्नी अनिल सिंह निवासी किणजाणी रावा ने बताया कि उन्हें मातृ वंदना योजना का लाभ उपलब्ध नहीं हो पाया है। इस अवसर पर सूचना अधिकारी रती लाल शाह ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो। ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित कर संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। ग्रामीण अपने अनुभव एवं दक्षता के अनुरूप योजना का चयन कर स्वरोजगार के क्षेत्र में अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं, जिससे वह अपनी आर्थिकी को मजबूत कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान किणजाणी महेंद्र सिंह बिष्ट, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## प्रशासन का केदारनाथ धाम में स्वच्छता पर विशेष फोकस

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में प्रशासन का स्वच्छता पर विशेष ध्यान है। इसलिए नगर पंचायत केदारनाथ के साथ ही स्वच्छता से जुड़े विभागों को नियमित सफाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा भैरवनाथ मंदिर से हंसकुंड तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया।शुक्रवार को नगर पंचायत केदारनाथ के अधिशासी अधिकारी चन्द्रेशखर चौधरी एवं सेक्टर प्रभारी सहायक नगर आयुक्त नगर निगम रुड़की की निगरानी में केदारनाथ स्थित भैरवनाथ मंदिर से हंसकुंड तक चलाए गए सफाई अभियान में 40 किलो प्लास्टिक और कूड़ा एकत्र किया गया जिसे रिसाइकिल के लिए सोनप्रयाग भिजवाया गया। अभियान में केदारनाथ नगर पंचायत के पर्यावरण मित्रों ने अहम भूमिका निभाई। नगर पंचायत केदारनाथ के अधिशासी अधिकारी चन्द्रेशखर चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी ऊखीमठ के निर्देशों पर केदारनाथ धाम में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। तीर्थयात्रियों को जागरूक करते हुए उन्हें धाम में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही नगर पंचायत केदारनाथ, सुलभ इंटरनेशल और जिला पंचायत के सहयोग से समय समय पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। (एजेंसी)

# जी—20 में सम्मिलित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को किया सम्मानित

देहरादून। वित्त मंत्री डॉ0 प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में जी–20 में सम्मिलित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सम्मानित किया। मंत्री ने जी–20 में सम्मिलित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी के अथक प्रयास से बहुत ही कम समय में हम जी–20 का सफल आयोजन कर पाये हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश को जी–20 की तीन बैठकों (एक रामनगर तथा दो ऋषिकेश में) के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों के कुशल नेतृत्व तथा कर्मचारियों के उत्कृष्ठ कार्य एवं तत्परता के परिणामस्वरूप हम जी–20 जैसे अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों का सफल नेतृत्व कर पाये हैं। उन्होंने कहा कि जी–20 डेलिगेट्स के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत से लेकर श्री गंगा आरती तक का कार्यक्रम बहुत ही अद्भुत एवं स्मरणीय रहा। मंत्री ने कहा कि जी–20 के दौरान सड़क मार्ग, पेयजल सुविधा, लाईट, सीवर लाईन एवं सौन्दर्यीकरण का जो भी कार्य किया गया वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि श्रीगंगा आरती के आयोजन को लेकर त्रिवेणी घाट के सौन्दर्यीकरण का कार्य अद्भुत रहा। मंत्री ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यदि इच्छाशक्ति हो तो अल्प समयावधि में भी अच्छे से अच्छा आयोजन सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय निवासियों तथा पर्यटकों से अनुरोध किया कि जी–20 के दौरान किया गया सौन्दर्यीकरण को बनाये रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि मंत्री ने अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित तथा प्रोत्साहित किया है जिससे सभी का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आगे यही प्रयास रहेगा कि जो कार्य किए गए है उन कार्यों का ठीक प्रकार से रख–रखाव हो तथा साफ–सफाई के कार्य ठीक प्रकार से रहे। आगे भी टीम भावना से कार्य करने का प्रयास करेंगे।मा0 उपाध्यक्ष एमडीडीए/महानिदेशक सूचना ने कहा कि सभी विभाग टीम भावना से कार्य करते हुए आगे बढ़े तथा एयरपोर्ट से लेकर देहरादून, ऋषिकेश, लक्ष्मण झूला आदि सभी क्षेत्रों में सभी विभागों ने आपसी समन्वय से मिलकर कार्य किया सभी के सम्मिलित प्रयास से जी–20 कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मा0 मंत्री ने सभी का सम्मान किया जिससे सभी का मनोबल बढेगा। इस अवसर पर मा0 मंत्री ने जिलाधिकारी, देहरादून सोनिका, उपाध्यक्ष, एमडीडीए बंशीधर तिवारी, सीडीओ, देहरादून झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण, सचिव, एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, उप सचिव एमडीडीए रज्जा अब्बास, एएमएनए नगर निगम ऋषिकेश राहुल गोयल,अधि0अभि0 लोनिवि ऋषिकेश धीरेन्द्र कुमार, उद्यान अधिकारी मिनाक्षी जोशी, सहित अन्य विभाग के जी–20 में तैनात अधिकारीगणों/कार्मिकों को सम्मानित किया गया।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन–2 क्षेत्र में स्पॉट पर सुधारीकरण हेतु सुझाव प्राप्त हुए हैं उनको त्वरित गति से क्रियान्वयन करें। साथ ही जिन स्थानों पर सड़क सुरक्षा के लिहाज से लाईट लगाई जानी ऐसे कार्य एमडीडीए तथा जिन स्थानों पर लाईटें ठीक की जाने कार्य करने के निर्देश नगर निगम को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पुराने ब्लैक स्पॉट के सुरधारीकरण की वर्तमान स्थिति तथा नए ब्लैक स्पॉट का चिन्हिकरण कर रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि अधिकारी पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित हो। पुलिस विभाग को पहाड़ी क्षेत्रों में एल्कोमीटर भेजे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों सड़क सुरक्षा के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए सड़क सुरक्षा में सुधारीकरण कार्यों को छोटे कार्यों को त्वरित करें तथा जिन कार्यों पर शासन स्तर से कार्य होना के प्रस्ताव शासन को भेजें। उन्होंने स्कूल कालेज में जागरूकता कार्यक्रम करने के साथ ही पुलिस एवं आरटीओ को ओवर स्पीड एवं रफ ड्राविंग, ओवर लोडिंग पर नियमित कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि माह मई एवं जून में ओवर स्पीड पर 6 हजार चालान किये गए।

## मसूरी में बारिश से रहा जनजीवन अस्त व्यस्त

देहरादून। मसूरी में शुक्रवार को मौसम पल–पल बदलता रहा। सुबह के समय खिली हल्की धूप के बाद दोपहर 12 बजे आसमान में बादल छा गए। शाम चार बजे बाद तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के चलते पर्यटक स्थलों के साथ ही माल रोड पर पर्यटकों की संख्या में कमी नजर आई। वहीं बारिश के चलते मौसम काफी सुहावना हो गया जिसका देश–विदेश से मसूरी घूमने आए पर्यटक जमकर लुत्फ उठा रहे हैं।

पंजाब से आए पर्यटक परविंदर कौर ने बताया कि यहां पर कभी धूप तो कभी बारिश होने से मौसम काफी सुहाना बना हुआ है जिसका वे परिवार के साथ जमकर आनंद उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां के मौसम का कुछ पता नहीं चल पा रहा है पलभर में धूप और पलभर में बारिश हो रही है।

# तीन दिन में सर्वेक्षण कार्य पूरा करें : डीएम




**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी निराश्रित गोवंश की संख्या निर्धारण हेतु अगले तीन दिनों में सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जाए। बेसहारा पशुओं के आश्रय हेतु चयनित भूमि का पुनः सत्यापन किया जाए। गोसदन संचालन के इच्छुक गैर सरकारी संस्थाओं से शीघ्र आवेदन प्राप्त किए जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि पर पूर्व से कार्यरत गैर सरकारी संस्था एवं नवीन गैर सरकारी संस्था को गोसदनों के संचालन हेतु भूमि आवंटन की कार्रवाई की जाए। निजी भूमि पर पूर्व से संचालित गौ सदनों की क्षमता बढ़ाने के लिए भी प्रस्ताव उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बेसहारा पशुओं को आश्रय दिए जाने हेतु मिशन मूड में कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने गोसदन संचालन हेतु तहसील स्तर पर चयनित भूमि की समीक्षा करते हुए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया के लिए भी तैयारी पूरी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में गोसदन बनाने के लिए खनन न्यास निधि के अंतर्गत प्रस्ताव उपलब्ध करें। ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों में इस कार्य हेतु जिला स्तर से ही फंड उपलब्ध किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रलयंकर नाथ सहित सभी तहसील से एसडीएम, तहसीलदार एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

## खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थनी के पति श्री सुनील सिंह पुत्र श्री बिरेन्द्र सिंह निवासी खन्दोड़ा, पट्टी कफोलस्यूँ, जिला पौड़ी गढ़वाल द्वारा मौजा पौड़वाला, परगना पछुवादुन, तहसील विकासनगर, जिला देहरादून, उत्तराखण्ड के खाता संख्या 271 के खेत संख्या 292, 287, 288 मध्ये कुल रकबा 150.55 वर्गमीटर भूमिधरी श्री देव सिंह बर्तवाल पुत्र श्री दर्शन सिंह बर्तवाल निवासी श्रीगढ चमोली उत्त-राखण्ड से क्रय की गई थी जिसका पंजीकरण नियमानुसार कार्यालय सब-रजिस्ट्रार प्रथम, विकासनगर, जिला देहरादून में बही संख्या 1 जिल्द 4791 पृष्ठ संख्या 91 से 112 क्रमांक 402 पर दिनांक 01-02-2019 ई0 को विधिवत पंजीकृत व दर्ज है। प्रार्थिनी वर्तमान में 24, नजीबाबाद रोड, प्रतापनगर काशीरामपुर मल्ला, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल में निवास कर रही है। प्रार्थिनी उक्त मूल पंजीकृत बयनामे की फोटो स्टेट कॉपी करवाने बावत कोटद्वार स्थित नजीबाबाद रोड में गई थी। इसी दौरान उक्त मूल बयनामा प्रार्थिनी से कहीं खो गया है जो कि पर्याप्त तलाश के बावजूद भी नहीं मिल पा रहा है।

**प्रार्थिनी**
**शालिनी नेगी पत्नी श्री सुनील सिंह**
**24, नजीबाबाद रोड, प्रतापनगर, काशीरामपुर कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।**
**मो0नं0– 7668854054**

# स्वास्थ्य शिविर में 275 लोगों ने कराई जांच



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को नारायणबगड ब्लाक के मींग गांव में मल्टी स्पेशिएलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 275 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य शिविर में जनरल सर्जन, स्त्री रोग एवं बाल रोग, इएनटी के साथ गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान 2 यूडीआइडी, 2 विकलांग प्रमाण पत्र और 5 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। स्वाथ्य शिविर में हडडी रोग के 27, ईएनटी के 9, नेत्र रोग 42, महिला रोग के 13, दंत रोग के 7 फिजीशियन के 61, रक्त जांच 4, आयुर्वेदिक के 29, होम्योपैथी में 51 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाइयां वितरित की गई। शिविर में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वृद्धावस्था के 10, विधवा पेंशन के 5 आवेदन पत्र भरे गए। वहीं वृद्धावस्था के 40 तथा विधवा पेंशन के 12 फार्म वितरित किए गए। शिविर में ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी, एसीएमओ वीपी सिंह, खण्ड विकास अधिकारी राकेश नयाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय जनता मौजूद रही।

# मंत्री गणेश जोशी ने किया गढ़ी कैंट के बूथ 136 में महा जनसंपर्क अभियान

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के गढ़ी कैंट में भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत बूथ 136 में 60 से अधिक लोगो से मुलाक़ात की और उन्हें मोदी सरकार द्वारा 9 वर्षों में कराये गये मुख्य विकास कार्यों की पुस्तिका भेंट की। कैबिनेट मंत्री ने व्यापारियों एवं विशिष्ट लोगों से मोदी सरकार के सफलतम कार्यकाल पर उनका फीडबैक भी लिया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में देश के समग्र विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। करीब 4 करोड़ से अधिक पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्हें विदेशों में जो सम्मान मिल रहा है, वह हर भारतवासी का सम्मान है। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष मनोज क्षेत्री, बीजेपी नेता अजीत चौधरी, निर्मला भट्ट, सारिका खत्री, देवेंद्र पाल सिंह, अनिल सैनी, मनोज क्षेत्री, विष्णु प्रसाद गुप्ता, आशीष शर्मा, कल्पना वर्मा, वंश शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होने प्रीतपाल सिंह, राजेश कण्डवाल, विजय अग्रवाल, टीपी सिंह, नितिन नौटियाल, मनमोहन अग्रवाल, अंकित राठौर, निर्मला भण्डारी, परमजीत कौर, सतपाल पठानिया, संजीव सिंह, नरेन्द्र थापा, अंजू रावत, रामनिवास अग्रवाल से मुलाकात की।

## अदालती सूचना

**न्यायालय जिला जज महोदय पौड़ी गढ़वाल**
**संरक्षक वाद संख्या 37 सन् 2023**
**श्री राजेन्द्र नाथ – प्रार्थी**
**बनाम**
**श्रीमती बसन्ती देवी तथा अन्य – विपक्षीगण**

समन बनाम - आम जनता

चूंकि प्रार्थी ने मेरे न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 10 प्रतिपाल्य एवं संरक्षक अधिनियम 1890 के तहद स्वयं को नाबालिग कृष्ण कुमार एवं करण कुमार पुत्रगण स्व0 अशोक कुमार निवासी ग्राम भीमसिंहपुर, पोस्ट ऑफिस कलालघाटी, निकट पशु चिकित्सालय, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल का गार्जियन नियुक्त करवाने बाबत प्रस्तुत किया है। लिहाजा हर आम व खास को आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 12-07-2023 को बवक्त 10 बजे दिन मेरे न्यायालय स्थान कोटद्वार में हाजिर आकर मामले में जवाबदेही करें। अन्यथा मामले में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेंगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 17-05-2023 को जारी किया गया।

**न्यायालय जिला जज**
**पौड़ी गढ़वाल**

## स्टूडेंट्स को इनसाइक्लोपीडिया बनने की जरूरत : सुबोध उनियाल

देहरादून। वर्तमान समय में स्टूडेंट्स को सिर्फ किताबी ज्ञान लेने की नहीं, बल्कि इनसाइक्लोपीडिया बनने की जरूरत है। क्योंकि आज समय टफ कंप्टीशन का है। यह बात तकनीकी शिक्षा व वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को जोगीवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में ब्लूमिंग माइंड्स संस्थान के वार्षिक समारोह में कही। उन्होंने कहा कि पहले उत्तराखंड के छात्र बेहतर कोचिंग के लिए अन्य राज्यों में जाते थे। लेकिन अब देहरादून या अपने अन्य जिलों में स्थानीय स्तर पर ही बेहतर पढ़ाई कर पा रहे हैं।

उन्होंने संस्थान से कोचिंग लेने के बाद इंजीनियरिंग और मेडिकल में सलेक्ट स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले समाजसेवी और सीआईआईएमएस के निदेशक ललित मोहन जोशी ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संस्थान की एकेडमिक हेड साधना नेगी,मेजर ललित सिंह,संजय पाठक,संस्थान के डायरेक्टर प्रभात सती,साइंटिस्ट सुधान कैंतुरा,सुनील यादव, मोनिका भंडारी, अंजली पांडे, शिखा, प्रशांत सती, राहुल, कुलदीप सहित संस्थान के स्टूडेंट्स और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## सर्विस सेंटर से टेक्नीशियन ने चोरी किया सामान

देहरादून। वाहन शोरूम के सर्विस सेंटर से टेक्नीशियन ने कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी को लेकर शोरूम के मैनेजर एडमिन ने केस दर्ज कराया है। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि डीडीपीएस मोथरोवाला के मैनेजर एडमिन दलीप सिंह गुसाईं ने तहरीर दी। बताया कि सर्विस सेंटर से कई दिनों ने गाड़ियों के पार्ट, डीजल और अन्य सामान चोरी हो रहा था। बीते रविवार शाम को इंजन रूम से भी कीमती पार्ट चोरी हुए। सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो रिकार्डिंग बंद मिली और चोरी के स्थान के पास वाला कैमरा भी क्षतिग्रस्त था। जांच की गई तो शक जताया गया कि टेक्नीशियन अनुजपाल के नाम के शख्स ने यह सामान चोरी किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# सड़कों के गड्ढे भरने के लिए उतरे महकमें





देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनमानस की समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निस्तारण की कार्यवाही कर रही है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं के साथ ही जनमानस से सीधे जुड़े हुए विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेते हुए अपने स्तर पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें।जनपद में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सड़कों की गड्ढो की सूचनाओं पर जिलाधिकारी द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश जारी कर रही है। बंजारावाला, गुरूनानक विहार रेसकोर्स, राजपुर रोड, हरिद्वार रोड आदि क्षेत्र में सड़को पर गड्ढो की सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के लोनिवि, स्मार्ट सिटी एवं उत्तर-ाखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी ने सुधारीकरण की कार्यवाही की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभाग सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि सभी मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त रखें तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लें।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**ई—नीलामी**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मण्डल के द्वारा पे एण्ड यूज, शौचालय (ओ. एण्ड एम.) एवं पार्किंग के कार्य को आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से ठेके पर देनें हेतु ई—बोलियॉं www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.07.2023 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलबध है। **2031/23**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई—निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग : | Electrical (TRD) |
| टेंडर न. : | T-03-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम : | मुरादाबाद मंडल के धामपुर, बिजनौर और गजरौला स्टेशनों पर स्टेशन उन्नयन और एफ. ओ.बी. के प्रावधान के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय : | 24.07.2023 at 15:00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹): | ₹6060998.37/- (18% GST सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹): | ₹1,21,200/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹): | शून्य |
| ऑफर की वैधता (दिन): | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि: | 12 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in<br>कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं0: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-08 दिनांक 30.06.2023 **2035/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# यूसीसी में सबसे आगे उत्तराखंड

देशभर में समान नागरिक संहिता कानून को लागू करने की मांग का कुछ वर्गों तथा राजनैतिक दलों द्वारा विरोध तो किया जा रहा है लेकिन इस सब से अलग हटकर उत्तराखंड में सबसे पहले कानून का ड्राफ्ट पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है और जल्द ही उत्तराखंड सरकार इसे लागू कर सकती है। खास कानूनों को लेकर उत्तराखंड सरकार इससे पहले भी सबसे सर्कल नकल अध्यादेश भी लेकर आई थी। उत्तराखंड द्वारा तैयार किया गया यूसीसी कोड आम लोगों से राय लेकर तैयार किया गया है और सरकार अब जल्द से जल्द इसमें शामिल सभी बातों को कानूनी दर्जा देने वाली है। उम्मीद की जा रही है कि जुलाई महीने में ही उत्तराखंड इस कानून को लागू करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा, हालांकि औपचारिक तौर पर अभी इसकी घोषणा नहीं की गई है। देश में एक समान नागरिक कानून की मांग ऐसे समय में बेहद उपयोगी हो गई है जब यहां अलग–अलग धर्म के लोग अपने हिसाब से चलने की कोशिश करते हैं और देश के संविधान को मानने से बचने का प्रयास करते हैं। जब समान नागरिक कानून की बात शुरू की गई थी तो व्यापक तौर पर इसका विरोध एक पक्ष द्वारा शुरू किया गया था लेकिन केंद्र सरकार इस मसले को लेकर अधिक रही और अब यह लगभग तय है कि जल्दी पूरे देश में समान नागरिक कानून लागू किया जा सकता है, हालांकि अभी भी कुछ राज्यों में इसका विरोध किया जा रहा है और वहां की सरकारों ने इस कानून को अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया है। कानून को वैधानिक रूप देने के लिए उत्तराखंड सबसे आगे चलने को तैयार है और तमाम लोगों के राय मशविरा के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने इस कानून के लिए एक ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है. शादी, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे मामलों के साथ कैसे डील किया जाएगा, इस ड्राफ्ट में इसपर मसौदा तैयार किया गया है। यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए सरकार ने एक्सपर्ट की एक कमेटी बनाई थी। रिटायर्ड जज रंजन प्रसाद देसाई को इसका अध्यक्ष बनाया गया था। कमेटी को करीब 20 लाख सुझाव मिले थे। धामी सरकार के लिए यह मुद्दा इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि विधानसभा चुनाव के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जनता से यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने का वादा किया था और इस दिशा में राज्य सरकार अपने वादे और संकल्प पर खरी उतरती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री बनने के बाद ही इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया था और बकायदा इसके लिए एक पोर्टल के माध्यम से आम लोगों से सुझाव मांगे गए थे। निर्णय लेने में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक कुशल नेतृत्व के तौर पर पहचाने जाने लगे हैं जिसका उदाहरण उन्होंने प्रथम बार मुख्यमंत्री बनने पर मुख्य सचिव को आश्चर्यजनक तरीके से बदलकर दिया था। मुख्यमंत्री पद के लिए धामी को अनुभवहीन मानने वालों के लिए यह एक बड़ा झटका था और यही कारण है कि फैसले लेने के उनके इस अंदाज से केंद्र ने पुनः उन पर भरोसा जताया। दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद धामी सरकार ने नकल अध्यादेश लागू किया और इसके तहत मुकदमे भी दर्ज होने लगे हैं। समान नागरिक कानून लागू करने में यदि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनता है तो यह भी खुद में एक इतिहास होगा और इसके लिए मुख्यमंत्री धामी का कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगा।

# चौबीस का एजेंडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते हुए सवाल किया है कि 'दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा?इ भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपनाई जा रही तुष्टिकरण की नीति देश के लिए 'विनाशकारीइ है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है।

उन्होंने पूछा कि घर–परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून, दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या वह परिवार चल पाएगा? फिर ऐसी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? उन्होंने स्मरण कराया कि भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है।

यदि इस बात को ध्यान में रखकर काम किया गया होता तो आज वे लोग, जिन्हें निहित स्वार्थी लोग भड़का रहे हैं, शिक्षा और नौकरियों के मामले में पिछड़े न होते। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से दो टूक अपना मत व्यक्त किया है, उससे साफ हो गया है कि आम चुनाव 2024 में सत्ताधारी भाजपा गठबंधन इसी मुद्दे पर चुनाव मैदान में उतरेगा। वैसे भी यह भाजपा का परंपरागत मुद्दा रहा है। दरअसल, भाजपा के तीन चुनावी मुद्दे रहे हैं जिन्हें मूर्ताकार करने का संकल्प वह अपने घोषणा पत्र में करती रही है।

दो चुनावी मुद्दों–जम्मू–कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा और अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करना–को वह पूरा कर चुकी है। बाकी रहा यूसीसी को लागू करना। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने अब स्पष्ट कह दिया है। इससे लगता है कि आगामी चुनाव भाजपा वह इसी मुद्दे पर लड़ेगी। हालांकि विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन कर राजनीति करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस, जदयू, द्रमुक और एआईएमआईएम का आरोप है कि प्रधानमंत्री मोदी वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं।

कांग्रेस ने पूछा है कि यूसीसी लागू करना ही था तो नौ साल से उनकी सरकार है, पहले ही कर सकते थे। लेकिन जैसे ही चुनाव आता है, उन्हें ये सब चीजें याद आने लगती हैं। बहरहाल, इतना तय है कि भाजपा इसी मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी। मुस्लिमों के एक बड़े हिस्से पसमांदा, जो मुस्लिम वर्ग का 80 फीसद हैं, की कमजोर आर्थिक और शैक्षणिक दशा का जिक्रकरके पीएम मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि चुनाव में भाजपा इसी वर्ग की बेहतरी के नाम पर ताल ठोकेगी।

# घटाना है वजन या कंट्रोल करनी है डायबिटीज, रोजाना पिएं ये ग्रीन जूस, फायदे हैरान कर देंगे

ज्यादा वजन, मोटापा अपने साथ कई तरह की बीमारियां लेकर आता है. इससे डायबिटीज, कैंसर, थाइरोइड और ब्लड प्रेशर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा भी रहता है. इसमें डायबिटीज साइलेंट किलर को तौर पर काम करती है. यह शरीर को धीरे–धीरे अंदर से खोखला बना देती है. इसलिए ब्लड शुगर लेवल और मोटापा दोनों का कंट्रोल करना जरूरी होता है. मोटापा कम करने के लिए कई डाइट प्लान और एक्सरसाइज हैं और डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए कई तरह की दवाईयां आती हैं. हालांकि, दोनों ही कंडीशन में खानपान ज्यादा जरूरी होता है. इसमें ग्रीन जूस आपकी काफी हेल्प कर सकता है. न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक,ग्रीन जूस की मदद से वजन कम कर सकते हैं और ब्लड प्रेशर कंट्रोल. हरी सब्जियों से बना ग्रीन जूस प्यास को कम करने में मदद करते हैं. सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं. सुबह–सुबह पीना और भी ज्यादा फायदे वाला होता है. हरी पत्तेदार सब्जियों से बनने के कारण ग्रीन जूस फायदेमंद होता है.

# भारत और अमेरिका की प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग की शुरुआत

**डॉ. जितेंद्र सिंह**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही में समाप्त हुई संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा इस अर्थ में ऐतिहासिक है कि इसने आने वाले वर्षों के लिए भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग में प्रवेश कर रहे हैं और यह सहयोग उस यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, आकाश ही सीमा नहीं है।

वास्तव में, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने पिछले 9 वर्षों के दौरान कई गैर–परंपरागत और नयी राह दिखाने वाले अभिनव निर्णय लिए, जिनकी वजह से भारत प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से आगे बढने में सक्षम हुआ। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसने भारत से कई वर्ष पहले अपनी अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत की थी, आज भारत को अपने भविष्य के प्रयासों में एक समान भागीदार के रूप में आमंत्रित करता है।

21 जून को वाशिंगटन स्थित विलार्ड इंटर–कॉन्टिनेंटल होटल में एक समारोह के दौरान, भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वां देश बन गया।

आर्टेमिस समझौता, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए सिद्धांतों के एक व्यावहारिक समूह की स्थापना करता है। यह भारत को चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों की खोज के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ध्यान देने योग्य है कि यह समझौता अंतरिक्ष क्षेत्र में, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के आयात से जुड़े प्रतिबंधों में छूट देने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजारों के लिए प्रणाली विकसित करने और नवाचार करने में लाभ होगा। यह अन्य वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भारत को संयुक्त रूप से भागीदार बनने की सुविधा प्रदान करेगा, मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग के लिए सामान्य मानकों तक पहुंच की अनुमति देगा और माइक्रो–इलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम, अंतरिक्ष सुरक्षा आदि रणनीतिक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ मजबूत भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगा।

आर्टेमिस समझौता एक गैर–बाध्यकारी समझौता है, जिसके तहत कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है। इस समझौते पर 13 अक्टूबर, 2020 को आठ संस्थापक राष्ट्रों –ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्ज़मबर्ग, यूएई, यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। इसके सदस्यों में जापान, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसे पारंपरिक अमेरिकी सहयोगी देश शामिल हैं, जबकि रवांडा, नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी देश नए भागीदार हैं। आइए, यह समझने की कोशिश करें कि आर्टेमिस समझौते में शामिल होने से भारत को क्या लाभ होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए वैश्विक सरकारी खर्च पिछले साल लगभग 103 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। लगभग 62 बिलियन डॉलर के साथ, अमेरिकी सरकार ने अकेले कुल धनराशि का आधे से अधिक खर्च किया। अमेरिका के बाद चीन ने लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो इस समूह का हिस्सा नहीं है। रूस 3.4 बिलियन डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ 5वें स्थान पर है। भारत 1.93 बिलियन डॉलर के वार्षिक बजट के साथ 7वें स्थान पर है।




आइए, हम वर्ष 2022 में ऑर्बिटल लॉन्च की संख्या के आधार पर विभिन्न देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की तुलना करते हैं। पेलोडस्पेस वेबसाइट कहता है कि पिछले साल 186 ऑर्बिटल लॉन्च के प्रयास किये गए, जिनमें अमेरिका ने 76, चीन ने 62, रूस ने 21 और भारत ने 5 ऑर्बिटल लॉन्च किए। अब, हम तीसरे प्रमुख मानक – अंतरिक्ष में उपग्रहों की संख्या – की तुलना करते हैं। उपग्रहों की निगरानी करने वाली वेबसाइट, ऑर्बिटिंग नाउ के अनुसार, 4 मई 2023 तक, विभिन्न पृथ्वी कक्षाओं में 7,702 उपग्रह सक्रिय थे। अमेरिका के पास अधिकतम 2,926 सक्रिय उपग्रह हैं, इसके बाद चीन – 493, यूके – 450, रूस – 167 आते हैं, जबकि भारत 58 उपग्रहों के साथ 8वें स्थान पर है।

भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम छह दशक पुराना है और इसके सात साल बाद, 1969 में इसरो की स्थापना हुई। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग इसरो की पहचान रही है तथा इसने रूस की रुस्कोस्मोस और यूरोप की ईएसए जैसी विभिन्न लॉन्च एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। इसरो ने 34 से अधिक देशों के 385 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं।

2014 से पहले, इसरो कभी–कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरुआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक–दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है, हमें अलग–थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!।

अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत–अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद व्हाइट हाउस में इसकी पुष्टि कर चुके हैं।

पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि नासा अपने एक सुविधा केंद्र में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा।दोनों पक्षों के समान, अन्य क्षेत्रों के लिए भी परस्पर लाभ में तेजी देखने को मिलेगी। अमेरिकी मेमोरी चिप कंपनी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, इंक ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के गुजरात में एक नई चिप असेंबली और परीक्षण सुविधा इकाई के लिए 825 मिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी, जो देश में इसकी पहली निर्माण–इकाई होगी। केंद्र सरकार और गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से इस सुविधा केंद्र में 2.75 बिलियन डॉलर का कुल निवेश किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन और पीएम मोदी संयुक्त भारत–अमेरिका क्वांटम सहयोग व्यवस्था की स्थापना पर भी सहमत हुए, ताकि उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार के बीच सहयोग को सुविधाजनक बनाया जा सके तथा एक व्यापक क्वांटम सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी समझौते की दिशा में काम किया जा सके।

> **2014 से पहले, इसरो कभी–कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरुआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक–दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है, हमें अलग–थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!।अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत–अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है।**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास और व्यवसायीकरण और भारत में उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) सुविधाओं को विकसित करने के क्रम में सार्वजनिक–निजी सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए; यूएस–भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी एकमुश्त निधि के तहत 2 मिलियन डॉलर का अनुदान कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत को एचपीसी प्रौद्योगिकी और स्रोत कोड के अमेरिकी निर्यात में बाधाओं को कम करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के साथ काम करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। अमेरिकी पक्ष ने भारत के उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी–डैक) के अमेरिकी एक्सेलरेटेड डेटा एनालिटिक्स और कंप्यूटिंग (एडीएसी) संस्थान के साथ सहयोग की शुरुआत के समर्थन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का वादा किया। साथ ही, अमेरिकी नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) और भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों में 35 अभिनव संयुक्त अनुसंधान सहयोग को वित्त पोषित किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन ने एआई पर वैश्विक साझेदारी के अध्यक्ष के रूप में भारत को अमेरिकी समर्थन का आश्वासन दिया। दोनों राजनेताओं ने गूगल के अपने 10 बिलियन डॉलर के भारत डिजिटलीकरण फंड के माध्यम से शुरुआती चरण के भारतीय स्टार्टअप तथा अन्य में निवेश जारी रखने के इरादे की सराहना की।

भारत का परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) प्रोटॉन इम्प्रूवमेंट प्लान–द्वितीय एक्सेलेरेटर की लॉन्ग बेसलाइन न्यूट्रिनो फैसिलिटी के सहयोगात्मक विकास के लिए अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) की फर्मी नेशनल लेबोरेटरी को 140 मिलियन डॉलर का योगदान देगा, जो अमेरिका की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सुविधा केंद्र होगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में, दोनों देशों के अनुसंधान संस्थान किफायती कैंसर प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों पर सहयोग करेंगे, जिनमें एआई सक्षम निदान और पूर्वानुमान भविष्यवाणी उपकरणों का विकास और मधुमेह अनुसंधान शामिल होंगे।भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को गति देते हुए एयर इंडिया 34 बिलियन डॉलर में 220 बोइंग विमान खरीदेगी। भारत–अमेरिका संबंधों के सबसे अच्छे होने का सबसे स्पष्ट संकेत यह है कि जैसा पीएम मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के अपने संबोधन में उल्लेख किया था, अमेरिका आज न केवल भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है; बल्कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग, भरोसेमंद संबंध को रेखांकित करते हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के अंत में जारी संयुक्त वक्तव्य के समापन वाक्य का निष्कर्ष के तौर पर उल्लेख किया जा सकता है, हमारी (भारत और अमेरिका) महत्वाकांक्षाएं और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने की हैं...।

**लेखक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हैं**

# असम में बाढ़ : क्यों शापित है यह सूबा?

**पिछले कुछ सालों से ब्रह्मपुत्र का प्रवाह दिनोंदिन रौद्र होने का मुख्य कारण इसके पहाड़ी मार्ग पर अंधाधुंध जंगल कटाई माना जा रहा है। ब्रह्मपुत्र का प्रवाह क्षेत्र उत्तुंग पहाडियों वाला है, वहां कभी घने जंगल हुआ करते थे। उस क्षेत्र में बारिश भी जम कर होती है। बारिश की मोटी–मोटी बूंदें पहले पेड़ों पर गिर कर जमीन से मिलती थीं लेकिन जब पेड़ कम हुए तो ये बूंदें सीधी जमीन से टकराने लगीं। इससे जमीन की टाप सॉयल उधड़ कर पानी के साथ बह रही है। फलस्वरूप नदी के बहाव में अधिक मिट्टी जा रही है। इससे नदी उथली हो गई है, और थोड़ा पानी आने पर ही इसकी जल धारा बिखर कर बस्तियों की राह पकड़ लेती है। असम में हर साल तबाही मचाने वाला ब्रह्मपुत्र और बराक नदियां, उनकी कोई 48 सहायक नदियां और उनसे जुड़ी असंख्य सरिताओं पर सिंचाई और बिजली उत्पादन परियोजनाओं के अलावा इनके जल प्रवाह को आबादी में घुसने से रोकने की योजनाएं बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। असम की अर्थव्यवस्था का मूल आधार खेती–किसानी है, और बाढ़ का पानी हर साल लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल को नष्ट कर देता है। ऐसे में किसान कभी भी कर्ज से उबर ही नहीं पाता। एक और बात यह है कि ब्रह्मपुत्र नदी के प्रवाह का अनुमान लगाना बेहद कठिन है।**

**पंकज चतुर्वेदी**

इस बार जल–प्लावन कुछ पहले आ गया, चैत्र का महीना खत्म हुआ नहीं और पूरा राज्य जलमग्न हो गया। इस समय असम के 20 जिलों के 2246 गांव बुरी तरह बाढ़ की चपेट में हैं।

पांच लाख से अधिक लोग पीड़ित हुए हैं और 35 हजार लोग 140 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। अभी तक दो लोगों की जान गई हैं। सड़कों, पुल, बिजली वितरण तंत्र, सरकारी इमारतों के साथ–साथ 10,782 हेक्टेयर खेतों की फसल नष्ट हो गई। कोई चार लाख 28 हजार पालतू मवेशी संकट में हैं। वैसे अभी तो यह शुरुआत है, और अगस्त तक राज्य में यहां–वहां पानी ऐसे ही विकास के नाम पर रची गई संरचनाओं को उजाड़ता रहेगा। हर साल राज्य के विकास में जो धन व्यय होता है, उससे ज्यादा नुकसान दो महीने में ब्रह्मपुत्र का कोप कर जाता है।



असम पूरी तरह से नदी घाटी पर ही बसा हुआ है। इसके कुल क्षेत्रफल 78 हजार 438 वर्ग किमी. में से 56 हजार 194 वर्ग किमी. ब्रह्मपुत्र नदी की घाटी में है और बाकी 22 हजार 244 वर्ग किमी. का हिस्सा बराक नदी की घाटी में है। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के मुताबिक, असम का कुल 31 हजार 500 वर्ग किमी. हिस्सा बाढ़ पीड़ित है यानी असम के क्षेत्रफल का करीब 40 फीसदी हिस्सा बाढग्रस्त है। अनुमान है कि इससे सालाना कोई 200 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। राज्य में इतनी मूलभूत सुविधाएं खड़ी करने में दस साल लगते हैं जबकि हर साल औसतन इतना नुकसान हो ही जाता है यानी असम हर साल विकास की राह पर 19 साल पिछड़ता जाता है।

असम में प्राकृतिक संसाधन, मानव संसाधन और बेहतरीन भौगोलिक परिस्थितियां होने के बावजूद यहां का समुचित विकास न होने का कारण हर साल पांच महीने ब्रह्मपुत्र का रौद्र रूप होता है, जो पलक झपकते ही सरकार और समाज की साल भर की मेहनत को चाट जाता है। वैसे तो यह नद सदियों से बह रहा है। बारिश में हर साल यह पूर्वोत्तर राज्यों में गांव–खेत बरबाद करती रही है। वहां के लेगों का सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन इसी नदी के चहुंओर थिरकता है। सो, तबाही को भी वे प्रकृति की देन ही समझते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें बह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ की ही परिणाम है। केंद्र हो या राज्य, सरकारों का ध्यान बाढ़ के बाद राहत कायरे और मुआवजे पर रहता है। दुखद ही है कि आजादी के 75 साल बाद भी हम वहां बाढ़ नियंतण्रकी कोई मुकम्मल योजना नहीं दे पाए हैं। यदि इस अवधि में राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान और बांटी गई राहत राशि को जोड़ें तो पाएंगे कि इतने धन में एक नया सुरक्षित असम खड़ा किया जा सकता था।

पिछले कुछ सालों से ब्रह्मपुत्र का प्रवाह दिनोंदिन रौद्र होने का मुख्य कारण इसके पहाड़ी मार्ग पर अंधाधुंध जंगल कटाई माना जा रहा है। ब्रह्मपुत्र का प्रवाह क्षेत्र उत्तुंग पहाडियों वाला है, वहां कभी घने जंगल हुआ करते थे। उस क्षेत्र में बारिश भी जम कर होती है। बारिश की मोटी–मोटी बूंदें पहले पेड़ों पर गिर कर जमीन से मिलती थीं लेकिन जब पेड़ कम हुए तो ये बूंदें सीधी जमीन से टकराने लगीं। इससे जमीन की टाप सॉयल उधड़ कर पानी के साथ बह रही है। फलस्वरूप नदी के बहाव में अधिक मिट्टी जा रही है। इससे नदी उथली हो गई है, और थोड़ा पानी आने पर ही इसकी जल धारा बिखर कर बस्तियों की राह पकड़ लेती है। असम में हर साल तबाही मचाने वाला ब्रह्मपुत्र और बराक नदियां, उनकी कोई 48 सहायक नदियां और उनसे जुड़ी असंख्य सरिताओं पर सिंचाई और बिजली उत्पादन परियोजनाओं के अलावा इनके जल प्रवाह को आबादी में घुसने से रोकने की योजनाएं बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। असम की अर्थव्यवस्था का मूल आधार खेती–किसानी है, और बाढ़ का पानी हर साल लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल को नष्ट कर देता है। ऐसे में किसान कभी भी कर्ज से उबर ही नहीं पाता। एक और बात यह है कि ब्रह्मपुत्र नदी के प्रवाह का अनुमान लगाना बेहद कठिन है। इसकी धारा की दिशा कहीं भी, कभी भी बदल जाती है। इससे जमीनों का कटाव, उपजाऊजमीन का नुकसान होता रहता है। यह क्षेत्र भूकंपग्रस्त है और समय–समय पर यहां हल्के–फुल्के झटके आते रहते हैं.जमीन खिसकने की घटनाएं भी खेती–किसानी पर असर डालती हैं। इस क्षेत्र की मुख्य फसलें धान, जूट, सरसों, दालें और गन्ना हैं। धान और जूट की खेती का समय ठीक बाढ़ के दिनों का ही होता है। धान की खेती का 92 प्रतिशत आहू, साली बाओ और बोडो किस्म की धान का है, और इनका बड़ा हिस्सा हर साल बाढ़ में धुल जाता है।

राज्य में नदी पर बनाए गए अधिकांश तटबंध और बांध 60 के दशक में बने थे। अब वे बढ़ते पानी को रोक पाने में असमर्थ हैं। उनमें गाद भी जम गई है, जिसकी नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं है। पिछले साल पहली बारिश के दवाब में 50 से अधिक स्थानों पर ये बांध टूटे थे। इस साल पहले ही महीने में 27 जगहों पर मेढ़ टूटने से जलनिधि के गांव में फैलने की खबर है। वैसे मेढ़ टूटने की कई घटनाओं में खुद गांव वाले ही शामिल होते हैं। मिट्टी के कारण उथले हो गए बांध में जब पानी लबालब भर कर चटकने की कगार पर पहुंचता है, तो गांव वाले अपना घर–बार बचाने के लिए मेढ़ तोड़ देते हैं। उनका गांव तो थोड़ा–सा बच जाता है पर करीबी बस्तियां जलमग्न हो जाती हैं।

बराक नदी गंगा–ब्रह्मपुत्र–मेघना नदी पण्राली की दूसरे नंबर की सबसे बड़ी नदी है। इसमें उत्तर–पूर्वी भारत के कई सौ पहाड़ी नाले आकर मिलते हैं, जो इसमें पानी की मात्रा और उसका वेग बढ़ा देते हैं। वैसे इस नदी के मार्ग पर बाढ़ से बचने के लिए कई तटबंध, बांध आदि बनाए गए हैं, और ये तरीके कम बाढ़ में कारगर भी रहे हैं। ब्रह्मपुत्र घाटी में तट–कटाव और बाढ़ प्रबंध के उपायों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के लिए दिसम्बर, 1981 में ब्रह्मपुत्र बोर्ड की स्थापना की गई थी। बोर्ड ने ब्रह्मपुत्र और बराक की सहायक नदियों से संबंधित योजना कई साल पहले तैयार भी कर ली थी। केंद्र सरकार के अधीन एक बाढ़ नियंतण्रमहकमा कई सालों से काम कर रहा है, और उसके रिकार्ड में ब्रह्मपुत्र घाटी देश के सर्वाधिक बाढग्रस्त क्षेत्रों में से है। महकमे ने इस दिशा में अभी तक क्या कुछ किया? उससे कागज और आंकड़ों को जरूर संतुष्टि हो सकती है पर असम के आम लेगों तक तो उसका काम पहुंचा नहीं है। असम को सालाना बाढ़ के प्रकोप से बचाने के लिए ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों की गाद सफाई, पुराने बांध और तटबंधों की सफाई, नये बांधों का निर्माण जरूरी है।

## उदयपुर में कयाकिंग एवं कैनोइंग खिलाडियों को मिली 6 नई नावें

**उदयपुर , एजेंसी।** राजस्थान कयाकिंग एवँ केनोइंग संघ द्वारा संचालित जलक्रीड़ा केन्द्र, फतेहसागर के खिलाडियों को भेंट स्वरूप 6 नवीन नावें मिली। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने होटल लेकएण्ड में आयोजित एक समारोह के दौरान इनका लोकार्पण कर खिलाड़ियों को बधाई दी और नाव भेंट करने वाले समाजसेवियों का आभार जताया। अल्का ग्रुप ऑफ होटल्स के प्रबंध निदेशक ऋषित भंडारी ने 4 बोट्स एवं राजस्थान कयाकिंग एवँ केनोइंग संघ के चौयरमेन पीयूष कच्छावा ने 2 बोट्स भेंट की। कलक्टर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके लिएद सुविधाओं की कोई कमी नहीं है, सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर उदयपुर का नाम रोशन करें। इस अवसर पर भारतीय ड्रैगन बोट चेयरमैन दिलीप सिंह चौहान एवं कयाकिंग केनोइंग कोच निश्चय सिंह चौहान, राजस्थान कायाकिंग संघ के अध्यक्ष आर. के धाभाई, उपाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह , संघ के उपाध्यक्ष भगवान स्वरुप वैष्णव, राजस्थान ड्रैगन बोट चौयरमेन अजय अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## शंकर जीवाल तमिलनाडु के नए डीजीपी नियुक्त

**चेन्नई एजेंसी।** आईपीएस अधिकारी शंकर जीवाल, जो वर्तमान में ग्रेटर चेन्नई सिटी पुलिस आयुक्त हैं, को तमिलनाडु का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है, इसकी घोषणा गुरुवार को की गई। वह सी. सिलेंद्र बाबू का स्थान लेंगे जो एजेंसी को सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

तमिलनाडु के मुख्य सचिव वी. इराई अंबू ने गुरुवार को नियुक्ति आदेश जारी किए।

जिवाल 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और 1 जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगे।

तमिलनाडु पुलिस अकादमी के निदेशक संदीप राय राठौड़ को अगले चेन्नई शहर पुलिस आयुक्त के रूप में तैनात किया गया है।

## उपराज्यपाल सिन्हा ने अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**जम्मू एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'बम बम भोलेइ के जयकारों के बीच, शुक्रवार सुबह यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में श्री अमरनाथ गुफा तीर्थयात्रा के लिए 3,488 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 62 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा 30 अगस्त को समाप्त होगी। सिन्हा ने वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पारंपरिक पूजा–अर्चना के बाद श्री अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा, 'श्री अमरनाथ जी तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई। तीर्थयात्री पवित्र गुफा के लिए रवाना हुए।इ उन्होंने कहा, 'सभी भक्तों को सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से पूर्ण यात्रा की शुभकामनाएं। बाबा अमरनाथ से सभी के लिए सुख , शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

## अजमेर में होगा तीन जुलाई को वृहद हथकरघा केंद्र का शिलान्यास

**अजमेर ,एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर में श्री ज्ञानोदय जैन तीर्थ क्षेत्र नारेली के सामने तीन जुलाई को वृहद हथकरघा केंद्र का शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। अजमेर सकल दिगम्बर जैन समाज के प्रमोद सोनी एवं विजय जैन(पल्लीवाल) ने बताया कि वर्तमान सदी के संतशिरोमणी दिगम्बर जैनाचार्य विद्यासागरजी महाराज की प्रेरणा से राजस्थान के अजमेर में प्रथम वृहद हथकरघा केंद्र की स्थापना की जा रही है ।

### राहुल गांधी ने की राज्यपाल से मुलाकात, उठाया ये अहम मुद्दा

# सीएम ने इस्तीफे की अटकलों को किया खारिज



**इंफाल , एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर में राहत शिविरों का दौरा किया और इसके बाद राज्यपाल से भी मुलाकात की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि मणिपुर को शांति की जरूरत है। मैं राहत शिविर में गया और हर समुदाय के लोगों से मिला। राहत शिविरों में दवाई, खाने की कमी है जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। मेरी मणिपुर के हर व्यक्ति से अपील है कि शांति बनाए रखें। मैं यहां मौजूद हूं और जो शांति कि लिए कर सकता हूं वह करूंगा।

मणिपुर में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह फिलहाल अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने ट्वीट कर अपने इस फैसले का एलान किया। इससे पहले अटकलें थीं कि वे राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात करेंगे और अपना इस्तीफा सौंपेंगे।

अटकलें यह भी लगाई जा रही थीं कि केंद्र सरकार राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर सकती है। अब सीएम के एलान के साथ ही उनके इस्तीफे की अटकलों पर विराम लग गया है।

सीएम एन बीरेन सिंह के इस्तीफे की अटकलों के बाद भारी संख्या में मणिपुर की राजधानी इंफाल में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। राजभवन और सीएम आवास बीच लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर जमा हो गई है और लोग लगातार एन बीरेन सिंह के समर्थन में नारेबाजी करने लगे और उनसे इस्तीफा ना देने की अपील करने लगे। वहीं राज्य के हालात पर भारतीय सेना, असम राइफल्स, बीएसएफ के उच्चाधिकारियों की अपने अपने स्तर पर बैठक चल रही है।

मणिपुर में जारी हिंसा के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह मुश्किलों में घिरे हुए हैं। राज्य के नौ विधायकों ने भी बीते दिनों प्रधानमंत्री कार्यालय में पीएम मोदी के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठाए थे। विधायकों ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार जनता के बीच अपना भरोसा खो चुके हैं।

एन बीरेन सिंह पर आदिवासी विरोधी एजेंडे को बढ़ाने के आरोप लग रहे हैं। बीते दिनों जब केंद्र सरकार ने मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए शांति समिति गठित की थी तो उसमें भी शामिल किए गए कई लोगों ने एन बीरेन सिंह के नेतृत्व के खिलाफ असंतोष जाहिर किया था और मुख्यमंत्री को शांति समिति में शामिल करने का विरोध किया था।

मणिपुर में मैतई समुदाय जनजातीय आरक्षण देने की मांग कर रहा है। इसके खिलाफ बीती तीन मई को हिंसा भड़की थी और अब तक इस हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और सैंकड़ों लोग घायल हुए हैं। हजारों लोगों को हिंसा की वजह से विस्थापन झेलना पड़ा है और राज्य की कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई है।

केंद्र सरकार ने मणिपुर में जारी हिंसा पर बीते दिनों सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी और राजनीतिक पार्टियां भी मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रही हैं। केंद्र सरकार की कई कोशिशों के बाद भी राज्य में शांति व्यवस्था बहाल नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग उठ रही थी और अब जब सीएम राज्यपाल से मुलाकात करने जा रहे हैं तो उनके इस्तीफे की अटकलों को बल मिल गया है।

मीडिया को जारी लिखित बयान में विनय रतन सिंह ने आरोप लगाया है कि चंद्रशेखर पर हुआ हमला सुनियोजित जानलेवा हमला है, जिससे देशभर में चंद्रशेखर के समर्थकों में आक्रोश है। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर कई बार सहारनपुर एसएसपी, डीजीपी और मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजकर सुरक्षा की मांग कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांग को अनदेखा किया जाता रहा है। शासन और प्रशासन के शिथिल रवैये के कारण ही घटना हुई है। उनका आरोप है कि जिला प्रशासन ने अब भी घटना को गंभीरता से नहीं लिया है। घटना भाजपा सरकार, स्थानीय थानाध्यक्ष, एलआईयू व खुफिया विभाग की विफलता का परिणाम है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कानून व्यवस्था बनाने में भाजपा सरकार नाकाम साबित हो रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने भाजपा सरकार पर जाति और मजहब के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

## बंगाल पंचायत चुनाव : सीवोटर ओपिनियन पोल में तृणमूल के लिए बड़ी परेशानी का संकेत

**कोलकाता एजेंसी,।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावों में समग्र वर्चस्व बनाए रखने के बावजूद, ग्रामीण नागरिक निकाय चुनावों के लिए एबीपी–सीवोटर ओपिनियन पोल ने राज्य के सत्तारूढ़ दल के लिए असुविधा के कुछ प्रमुख कारकों का संकेत दिया है। वह पार्टी जो 2024 की बड़ी लड़ाई के लिए अपने नेतृत्व को चिंतित रख सकती है।

कम से कम 49 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने दावा किया है कि वे त्रि–स्तरीय पंचायत प्रणाली के उच्चतम स्तर, जिला परिषदों के कामकाज से नाखुश हैं, और इसलिए वे वहां सत्ता में बदलाव चाहते हैं, जबकि 28 प्रतिशत ने कहा कि कामकाज से नाखुश होने के बावजूद वे अभी बदलाव नहीं चाहते।

जबकि 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जिला परिषदों के कामकाज से खुश हैं, केवल 7 प्रतिशत ने इस मामले में अज्ञानता का दावा किया।

ओपिनियन पोल में तृणमूल कांग्रेस के समर्पित अल्पसंख्यक वोट बैंक में संभावित गिरावट का भी संकेत दिया गया है। जबकि 59 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ दल के अल्पसंख्यक वोटों में गिरावट की संभावना अधिक है, 28 प्रतिशत ने उस संभावना से इनकार किया है। तेरह प्रतिशत ने इस मामले में अनभिज्ञता का दावा किया है।

सर्वेक्षण के अनुसार, 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं को लगता है कि भ्रष्टाचार का मुद्दा ग्रामीण निकाय चुनावों में कारक होगा, जबकि 21 प्रतिशत को लगता है कि बढ़ती बेरोजगारी सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा होगी। जबकि 40 प्रतिशत को लगता है कि कानून और व्यवस्था और नागरिक मुद्दों जैसे अन्य कारक प्रमुख कारक होंगे, 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अज्ञानता का दावा किया है।

तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के समग्र प्रदर्शन पर, 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इसे खराब बताया है।

## फ्रांस में हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी, 400 से अधिक गिरफ्तार

**पेरिस एजेंसी,।** फ्रांस में ट्रैफिक स्टॉप पर पुलिस द्वारा 17 साल के एक लड़के की गोली मारकर हत्या करने के मामले में देश भर में हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी है। अभी तक 400 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बीती रात से शुक्रवार सुबह तक विरोध प्रदर्शन में कम से कम 421 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बीएफएमटीवी ने पेरिस पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि उनमें से आधे से अधिक गिरफ्तारियां पेरिस क्षेत्र में हुईं।

विरोध प्रदर्शन गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। हिंसा रोकने में मदद के लिए विशेष पुलिस बल को बोडी, ल्योन, रूबैक्स, मार्सेल और लिली शहरों में तैनात किया गया।

पेरिस के एक उपनगर नानटेयर में नाहेल एम. को मंगलवार को एक पुलिस अधिकारी ने गोली मार दी थी। नाहेल ने ट्रैफिक पुलिस पर रुकने से इनकार कर दिया था और गाड़ी चला कर भागने लगा, जब पुलिस ने गोली मारी।


उपनगर से प्राप्त फुटेज के अनुसार, जलते हुए मलबे के बीच, नैनटेयर में एक दीवार पर नाहेल के लिए बदला पेंट किया हुआ दिखाई दिया। उपनगर में एक बैंक में भी आग लगा दी गई और लड़के की याद में आयोजित मार्च के हिंसक हो जाने के बाद पुलिस ने 15 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इस बीच,मार्सेल में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों पर बम फेंके। उत्तरी शहर लिली के विडीयो में सड़कों पर आग जलती हुई और दंगा करने वाले पुलिस अधिकारियों को भागते हुए देखा गया है।

## हाईकोर्ट ने रेप आरोपी के खिलाफ केस किया रद्द

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर पीठ ने केंद्र को यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम के तहत उम्र की मौजूदा 18 से घटाकर 16 साल करने पर विचार करने की सिफारिश की है। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी 17 वर्षीय लड़के की याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिस पर ग्वालियर में 14 वर्षीय लड़की की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को 2020 में बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। स्कूल में पढने वाली लड़की गर्भवती हो गई थी और 2020 में अदालत की अनुमति से उसका गर्भपात कराया गया था। शुक्रवार को बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि शारीरिक संबंध दोनों (पीड़ित और आरोपी) की सहमति से बने थे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी रद्द कर दी और केंद्र से उम्र सीएमा 18 से घटाकर 16 करने पर विचार करने का अनुरोध किया।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम से फोन पर की बात, वैगनर विद्रोह और यूक्रेन के हालात पर हुई चर्चा

**मॉस्को, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। दोनो नेताओं के बीच द्विपक्षीय, वैश्विक विषयों के अलावा यूक्रेन, अगले हफ्ते होने वाली शंघाई सहयोग संघठन की बैठक, ब्रिक्स देशों की बैठक, रूस में सैन्य विद्रोह, कारोबार और पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के बारे में बातचीत हुई।



प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन के बीच यह वार्ता तब हुई है जब रूस के सबसे घोर विरोधी देश अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते लगातार नई उंचाइयों पर पहुंच रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में अमेरिका की यात्रा पर गये थे जहां ना सिर्फ भारत व अमेरिका के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं बल्कि दोनो देशों की तरफ से जारी संयुक्त घोषणा पत्र में यूक्रेन को लेकर रूस पर निशाना भी साधा गया था।

भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से इस वार्ता को लेकर काफी संक्षिप्त बयान जारी किया गया है। पांच पंक्तियों के इस बयान में कहा गया है कि दोनो नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों की समीक्षा की व आपसी हितों से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर बातें की। राष्ट्रपति पुतिन ने रूस में हाल के घटनाक्रम को लेकर जानकारी दी।

बयान के मुताबिक, यूक्रेन पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने इस बात को दोहराया कि कूटनीति व बातचीत से इसका हल निकाला जा सकता है। दोनो नेता संपर्क में रहने को सहमत हैं और दोनो देशों के विशेष रणनीतिक रिश्ते को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

वहीं, क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराया है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन के बीच बातचीत सार्थक और रचनात्मक थी।

बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने रूस और भारत के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता दोहराई और संचार जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।इस बीच, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को सुलझाने के लिए यूक्रेन के स्पष्ट इनकार के बारे में जानकारी दी। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच पिछले साल फरवरी में युद्ध छिड़ा था और उस वक्त से यह जारी है।इससे पहले पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को मॉस्को का शानदार मित्र बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत में हमारे दोस्तों और हमारे शानदार मित्र प्रधानमंत्री मोदी ने कई साल पहले मेक इन इंडिया पहल शुरू की थी। इसने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में बेहद प्रभावशाली असर डाला है।

## सुरक्षा परिषद में सुधारों को 25वीं बार अगले सत्र के लिए बढ़ाया गया, भारत ने दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25वीं बार सुरक्षा परिषद सुधारों के लिए बातचीत को अगले सत्र के लिए बढ़ाया है और भारत ने बातचीत प्रक्रिया में सुधार किए बिना इसे 75 साल तक जारी रखने की चेतावनी दी है।

वार्ता की विफलता को फिर से बढने के लिए एक बर्बाद अवसर बताते हुए, भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को कहा कि यह प्रक्रिया वास्तविक सुधार की दिशा में किसी भी तरह की प्रगति के बिना अगले 75 वर्षों तक चल सकती है। उन्होंने कहा कि अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) में तब तक प्रगति नहीं हो सकती जब तक कि प्रक्रिया के महासभा के नियमों और एकल वार्ता पाठ को इसके लिए नहीं अपनाया जाता।

जैसा कि 2009 में आईजीएन शुरू होने के बाद से इसने हर सत्र में किया है, महासभा ने वार्ता को सितंबर में शुरू होने वाले अपने अगले सत्र में स्थानांतरित करने के लिए सर्वसम्मति से मतदान किया।

प्रगति में मुख्य बाधा इटली के नेतृत्व वाले देशों के एक छोटे समूह का विरोध है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है, इस पर सुधार के लिए चर्चा को आधार बनाने के लिए एक वार्ता पाठ को अपनाया जा सकता है। कम्बोज ने कहा, यह स्थिति स्पष्ट रूप से उन लोगों के हित में है, जो यथास्थिति चाहते हैं, ताकि इस प्रक्रिया को दोहराव वाले चक्रों में स्थिर रखा जा सके।

भारत दोहराए गए भाषणों से पाठ–आधारित वार्ताओं की ओर बढने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आईजीएन से परे देखना हमें भविष्य में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए एकमात्र व्यवहार्य मार्ग के रूप में दिखता है जो आज की दुनिया को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करेगा।

सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस के स्थायी प्रतिनिधि, इंगा रोंडा किंग ने एल.69 समूह की ओर से इसी तरह की चेतावनी दी और कहा, अगर हम सुरक्षा परिषद में सुधार के मुद्दे पर ठोस परिणाम देने में विफल रहते हैं, तो हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा एक और मंच खोजने की संभावना को जोखिम में डालते हैं जिसके भीतर वह वैकल्पिक समाधान पर पहुंच सकता है। गौरतलब है कि एल.69 दुनिया भर के 30 से अधिक विकासशील देशों का एक समूह है जो परिषद में सुधार के लिए काम कर रहा है। किंग ने कहा, सुरक्षा परिषद सुधार पर प्रगति करने में विफलता हमारी विश्वसनीयता और वैधता के लिए एक वास्तविक खतरा बनी हुई है और अप्रत्यक्ष रूप से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के तरीके से जमीनी स्तर पर स्थितियों को बदलने में सुरक्षा परिषद की अक्षमता को कायम रखती है। महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने आईजीएन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, इन वार्ताओं के इतिहास में पहली बार, आईजीएन बैठकों के पहले खंड अब वेबकास्ट किए जा रहे हैं, और रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए एक वेबसाइट स्थापित की गई है। उन्होंने कहा, आप जिस सुधार को देखना चाहते हैं, उसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाना सदस्य देशों पर निर्भर है, सच्ची राजनीतिक प्रतिबद्धताएं विश्वास के पुनर्निर्माण और संयुक्त राष्ट्र और उसके बाहर सहयोग की भावना को पुनर्जीवित करने की कुंजी हैं।

## तेज रफ्तार का कहर : खड़े ट्रक में जा घुसी बोलेरो, मां–बेटा समेत 7 लोगों की दर्दनाक मौत

**बांदा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा बांदा जिले के बबेरू में बीती रात हुआ, जहां तेज रफ्तार बेकाबू बोलेरो खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में मां और बेटे समेत सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

कटर से काटकर स्टेयरिंग और इंजन के बीच फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला गया। तीन गंभीर घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है।

कमासिन थाना क्षेत्र के तिलौसा गांव निवासी 15 वर्षीय कल्लू गुरुवार देर शाम करंट से झुलस गया था। परिजन उसे गांव के अकबर की नई बोलेरो से लेकर सीएचसी बबेरू ले जा रहे थे।

## युवा पर्यटन, आतिथ्य में नौकरियां लें, नहीं तो बाहरी लोग ले लेंगे : सीएम

**पणजी , एजेंसी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि अगर तटीय राज्य के युवाओं में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में कौशल की कमी है, तो दूसरे राज्यों के लोग यहां आएंगे और उनसे नौकरियां छीन लेंगे।सावंत ने गुरुवार को पोंडा–दक्षिण गोवा में एक कार्यक्रम में कहा कि गोवा में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, आपको ऐसी गुंजाइश देश में कहीं और नहीं मिलेगी। गोवा में इन क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं हैं।उन्होंने कहा, जिस तरह से गोवा में स्टार होटल स्थापित हो रहे हैं और पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है, भविष्य में गोवा भारत की पर्यटन राजधानी बन जाएगा।

सावंत ने कहा, हम उच्च श्रेणी के पर्यटकों को लक्षित कर रहे हैं। उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमें बुनियादी ढांचे और मानव संसाधनों की जरूरत है। प्राइवेट प्लेयर्स राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए तैयार हैं। बहुत से लोग आ रहे हैं, लेकिन हमारे पास उतना मानव संसाधन नहीं है। अगर हमारे युवा इन क्षेत्रों में कुशल नहीं हैं तो बाहरी लोग आएंगे और अवसर का लाभ उठाएंगे।इससे पहले, पिछले साल अक्टूबर में भी मुख्यमंत्री ने कहा था कि अगर राज्य के युवा आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में नौकरी के अवसर हासिल करने में विफल रहते हैं, तो अन्य राज्यों के नौकरी चाहने वाले आकर ले लेंगे।तटीय क्षेत्र में कई अवसर हैं। अगले पांच वर्षों में आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में दो लाख से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। अगर हम इन अवसरों का लाभ नहीं उठाएंगे तो दूसरे राज्यों के युवा इन्हें पकड़ लेंगे। सावंत ने युवाओं से खुद को कुशल बनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा, चाहे वह असम से हों या अन्य राज्यों से, इन राज्यों के युवा यहां आते हैं और सफेदपोश नौकरियां (निजी क्षेत्र में) करते हैं।

## नोटों के साथ परिजनों की सेल्फी वायरल होने पर पुलिस अधिकारी की जांच

**उन्नाव एजेंसी,।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक पुलिस अधिकारी के परिवार द्वारा नोटों के बंडलों के साथ ली गई सेल्फी पर हंगामा मच गया और उनका स्थानांतरण कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चों द्वारा ली गई सेल्फी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनके खिलाफ जांच शुरू की गई है। इसमें वे 500 रुपये के नोटों के बंडलों के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।

यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें पुलिस अधिकारी की पत्नी और दो बच्चे 14 लाख रुपये की नकदी के ढेर के साथ एक बिस्तर पर बैठे हुए हैं।जैसे ही नोटों के बंडलों के साथ अधिकारी की फोटो वायरल हुई, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने तुरंत मामले की जांच के आदेश दिए।थाना प्रभारी रहे रमेश चंद्र सहनी का तबादला पुलिस लाइन कर दिया गया है.हालांकि, साहनी ने अपना बचाव किया है और कहा है कि तस्वीर 14 नवंबर, 2021 को ली गई थी, जब उन्होंने एक पारिवारिक संपत्ति बेची थी।

## नोहर रोड पर दो कारों की भीषण टक्कर, तीन लोगों की मौत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में हनुमानगढ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र में नोहर रोड पर दो कारों के आपस में भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गये।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात्रि करीब 12 बजे हुए इस हादसे में दोनों कारों की रफ्तार बहुत तेज थी। दुर्घटना में घायल युवकों को हनुमानगढ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतकों के शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।


उत्तर रेलवे

आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के क्षेत्राधिकार में यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (वाई.टी.एस.के.) की नियुक्ति के लिये आवेदन पत्र की सूचना (फाइल सं. 1-/YTSK/MB-2022c) दिनांक 30.06.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सं. | 1-/YTSK/MB-2022c |
| 2 | कार्य का नाम और स्थान | मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रेलवे के क्षेत्राधिकार में आरक्षित व अनरक्षित (PRS CUM UTS) टिकट जारी करने हेतु यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) की नियुक्ति जिसकी अवधि तीन वर्षो की होगी। |
| 3 | आवेदन पत्र जमा करने का पता, अन्तिम तिथि व समय | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोंचिग उ.रे. मुरादाबाद-244001 कार्यालय में दिनांक 25/07/2023 को सांय 15.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। |
| 4 | सम्पूर्ण आवेदन पत्र के आमंत्रण की सूचना कहा देखी जा सकती है | आवेदन पत्र के आमंत्रण की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। www.nr.indianrailways.gov.in |

2026/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अजीत अगारकर ने भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति पद के लिए किया आवेदन



नई दिल्ली, पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगारकर ने राष्ट्रीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन किया है। क्रिकबज के अनुसार, भारत के पूर्व ऑलराउंडर ने खुद इस मामले पर कुछ नहीं कहा, लेकिन मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक सदस्य ने इसकी पुष्टि की। यदि चुना जाता है, तो सभी प्रारूपों में 221 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अगारकर (45) अध्यक्ष पद के लिए पसंदीदा हो सकते हैं। चयन समिति के काम में अगारकर की दिलचस्पी उस दिन सामने आई जब दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई के पूर्व मुख्य चयनकर्ता से अलग होने की घोषणा की। अगारकर ने दो साल तक दिल्ली आईपीएल टीम के लिए सहायक कोच की भूमिका निभाई। फ्रेंचाइजी प्रबंधन ने क्रिकबज को बताया कि उनका अनुबंध नवीनीकृत नहीं किया गया है।

फरवरी में चेतन शर्मा के इस्तीफा देने के बाद से मुख्य चयनकर्ता का पद खाली है। आदर्श परिदृश्य में, संभावित उम्मीदवार उत्तरी क्षेत्र से होना चाहिए था क्योंकि निवर्तमान अध्यक्ष उसी क्षेत्र से था, लेकिन समझा जाता है कि जब चयन समिति की नियुक्ति की बात आती है तो बीसीसीआई संविधान किसी भी क्षेत्रीय बाध्यता से बंधा नहीं होता है। एमसीए अधिकारी ने कहा, सभी पांच चयनकर्ता एक ही क्षेत्र से हो सकते हैं। यदि अगरकर को नियुक्त किया जाता है, तो पश्चिम से दो चयनकर्ता होंगे, जिसमें चयन समिति के मौजूदा सदस्य सलिल अंकोला दूसरे होंगे। इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले बीसीसीआई के विज्ञापन में ध्यान देने वाली बात यह है कि इस पद के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। पहले, 60 वर्ष की निर्धारित आयु सीमा थी। बीसीसीआई अधिसूचना में अब कहा गया है कि आवेदक को कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आवेदक ने कम से कम पांच साल पहले खेल से संन्यास लिया हो। आयु मानदंड की कमी नए उम्मीदवारों के लिए अवसर खोलती है, जिनमें से एक दिलीप वेंगसरकर भी हैं, जो स्वयं पूर्व अध्यक्ष (2006–2008 तक) हैं। हालाँकि, इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि क्या उन्होंने वास्तव में आवेदन किया है। विश्व क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष में, जब तीन महीने से अधिक समय बाद घरेलू मैदान पर विश्व कप होना है, बीसीसीआई मुख्य चयनकर्ता के पद के लिए एक दूरदर्शी और हाई–प्रोफाइल उम्मीदवार की तलाश कर रहा है। शिव सुंदर दास (पूर्व), एस शरथ (दक्षिण) और सुब्रतो बनर्जी (मध्य) के अलावा अंकोला (पश्चिम) वर्तमान चयनकर्ता हैं। आवेदन 30 जून (शुक्रवार) को बंद हो जाएंगे, जिसका मतलब है कि नए चयनकर्ता/मुख्य चयनकर्ता की घोषणा अगले सप्ताह की जा सकती है।

### विनेश और बजरंग के विदेश में अभ्यास को टॉप्स की मंजूरी

नयी दिल्ली, केंद्र सरकार ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के किर्गीस्तान और हंगरी में अभ्यास को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत मंजूरी दे दी । बजरंग और विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले कुछ महीने से चल रहे आंदोलन की अगुवाई कर रहे थे । दोनों ने खेल मंत्रालय की टॉप्स टीम को प्रस्ताव भेजा था जो 24 घंटे के भीतर स्वीकार कर लिया गया । भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार बजरंग किर्गीस्तान में 36 दिन के अभ्यास शिविर में भाग लेंगे जबकि विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश किर्गीस्तान के बिश्केक में एक सप्ताह अभ्यास के बाद हंगरी में 18 दिन अभ्यास शिविर में हिस्सा लेंगी । विनेश के साथ उनके फिजियो अश्विनी पाटिल, अभ्यास साझेदार संगीता फोगाट और कोच सुदेश जायेंगे जबकि बजरंग के साथ कोच सुजीत मान, फिजियो अनुज गुप्ता , अभ्यास साझेदार जितेंदर और अनुकूलन विशेषज्ञ काजी हसन होंगे ।

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी शिविर के लिए वेस्टइंडीज ने 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की



एंटीगुआ, भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले तैयारी शिविर के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने शुक्रवार को यहां टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट की अगुवाई में 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। शिविर एंटीगुआ के सीसीजी में शुरू होगा और टीम नौ जुलाई को डोमिनिका रवाना होगी।

श्रृंखला का शुरुआती टेस्ट 12 जुलाई से डोमिनिका में होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 20 जुलाई से त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में होगा।

इसके बाद 27 जुलाई से तीन मैचों की वनडे सीरीज और तीन अगस्त से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला शुरू होगी।

सीडब्ल्यूआई के ट्विटर पर लिखा, सीडब्ल्यूआई पुरुष चयन पैनल ने आज कैरेबियाई टीम के खिलाफ भारत के दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत से पहले तैयारी शिविर के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

वेस्टइंडीज इस समय आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर में खेल रहा है, इसलिए शिविर में कुछ सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं होगे। जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ और काइल मायर्स शिविर का हिस्सा नहीं होंगे जबकि केवम हॉज, एलिक अथनाज और जेयर मैकएलिस्टर नये चेहरे हैं।

वेस्टइंडीज की टीम नौ जुलाई तक जिम्बाब्वे में रहेगी।

टीमः क्रेग ब्रेथवेट (कप्तान), एलिक अथनाज, जर्मेन ब्लैकवुड, नक्रूमा बोनर, तेगनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, केवम हॉज, अकीम जॉर्डन, जायर मैकएलिस्टर, किर्क मैकेंजी, मार्क्विनो माइंडली, एंडरसन फिलिप, रेमन रीफर, केमार रोच, जेडेन सील्स, जोमेल वारिकन।

# तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने मेलबर्न स्टार्स के साथ किया तीन साल का करार



मेलबर्न, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने गुरुवार को बिग बैश लीग–15 (बीबीएल) के अंत तक मेलबर्न स्टार्स के साथ तीन साल का करार किया है।मेलबर्न स्टार्स ने एक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने बीबीएल–15 के अंत तक मेलबर्न स्टार्स के साथ अनुबंध किया है।बोलैंड, जो 2021 के एशेज बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान अपने ड्रीम डेब्यू में सात रन देकर 6 विकेट लिया था।बोलैंड ने बीबीएल–03 में स्टार्स के लिए पदार्पण किया था और अब वह क्लब में वापसी कर रहे हैं, जिसमें ल्यूक राइट, ब्रैड हॉज, बॉब क्विनी, जॉन हेस्टिंग्स, डेविड हसी और लसिथ मलिंगा जैसे खिलाड़ी शामिल थे।

टेस्ट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करने से पहले इस खिलाड़ी ने हरीकेन के साथ तीन सीजन बिताए।बोलैंड ने कहा कि एमसीजी में दर्शकों की बड़ी भीड़ के सामने खेलने का अवसर ठुकराना बहुत कठिन था।बोलैंड ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं फिर से बिग बैश का हिस्सा बनने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता और एमसीजी में परिवार और दोस्तों के सामने मेलबर्न स्टार्स के साथ घर वापस आना बहुत अच्छा है। स्टार्स के पास लीग में सबसे अच्छे प्रशंसक हैं और उम्मीद है कि मैं क्लब की सफलता और पहले बीबीएल खिताबी जीत का हिस्सा हो सकता हूं।

## मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन संस्करण के लिए की गई 11 मैच अधिकारियों की घोषणा

डलास, मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ने अमेरिका की पहली पेशेवर फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग के लिए 11 मैच अधिकारियों के पैनल की घोषणा की। इस लीग की शुरूआत गुरुवार, 13 जुलाई, 2023 से हो रही है। उत्तरी टेक्सास (ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी) और उत्तरी कैरोलिना (चर्च स्ट्रीट पार्क, मॉरिसविले) में दो स्थानों पर होने वाले 19 मैचों के लिए नौ अंपायर और दो मैच रेफरी की नियुक्ति की गई है।

09 अंपायरों के समूह में तीन अंपायर वेन नाइट्स, पॉल विल्सन और रुचिरा पल्लियागुरु वर्तमान में आईसीसी अंतरराष्ट्रीय अंपायर पैनल में कार्यरत हैं। इनके अलावा चार अमेरिकी अंपायर जर्मेन लिंडो, रुशेन सैमुअल्स, विजया प्रकाश मल्लेला और बिली टेलर समूह के शेष सदस्य हैं। ओवेन ब्राउन और कॉलिन एडवर्ड्स पूरे टूर्नामेंट में चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे।लिंडो और मल्लेला दोनों वर्तमान में आईसीसी विकास अंपायरों के अंतरराष्ट्रीय पैनल में कार्यरत हैं। टेलर, जो हाल ही में अपने मूल इंग्लैंड से संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित हुए हैं, ने इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड की पूर्ण अंपायर सूची में काम किया है।मैच आधिकारिक टीम का नेतृत्व पांच बार के आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर साइमन टफेल कर रहे हैं, जो रियोन किंग के साथ मैच रेफरी के रूप में काम करेंगे, जो वर्तमान में आईसीसी मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल में कार्यरत हैं। मेजर लीग क्रिकेट के टूर्नामेंट निदेशक जस्टिन गिले ने कहा, अंपायर दल खेल का एक महत्वपूर्ण घटक है और हमें एक अनुभवी समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है जिसमें दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ अधिकारी शामिल हैं। हमारी लीग घरेलू अंपायरों को वैश्विक दर्शकों द्वारा देखी जाने वाली उच्च स्तरीय प्रतियोगिता में अंपायरिंग करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।

# भारतीय ओलंपिक तलवारबाज भवानी देवी ने किया बेसलाइन वेंचर्स के साथ करार

नई दिल्ली, बेसलाइन वेंचर्स ने भारतीय ओलंपिक तलवारबाज और 2 बार की राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता, भवानी देवी के साथ करार किया है। करार के तहत बेसलाइन वेंचर्स भवानी के सभी व्यावसायिक पहलुओं की देर–रेख करेगी।भवानी देवी ने तलवारबाजी की दुनिया में सफलता की राह बनाई है, वह भारत की शीर्ष क्रम की तलवारबाज बन गई हैं और देश भर में उभरते एथलीटों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।हाल ही में चीन में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में, भवानी ने मौजूदा विश्व नंबर 1 जापान की मिसाकी एमुरा को हराकर कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। वह 2021 में टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की पहली फेंसर बनीं और उनके अटूट दृढ़ संकल्प और अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, भवानी विश्व रैंकिंग के शीर्ष 50 में प्रवेश करने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

करार पर भवानी ने कहा, मुझे बेसलाइन वेंचर्स के साथ करार करके खुशी हो रही है, जो एथलीटों के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनके समर्थन और मार्गदर्शन से, मुझे विश्वास है कि मैं अपने प्रदर्शन के जरिए कौशल और एक पेशेवर एथलीट के रूप में अपने लक्ष्यों और आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए नए रास्ते खोल सकती हूं।

बेसलाइन वेंचर्स के एमडी और सह–संस्थापक, तुहिन मिश्रा ने भवानी का स्वागत करते हुए कहा, हम बेसलाइन परिवार में भवानी देवी का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। भारत के शीर्ष फेंसर के रूप में भवानी की उपलब्धियाँ वास्तव में उल्लेखनीय हैं, और वह दृढ़ संकल्प और दृढ़ता की भावना का प्रतीक हैं। हमें विश्वास है कि उनकी प्रतिभा, हमारी विशेषज्ञता के साथ मिलकर, रोमांचक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

चेन्नई में जन्मी और पली–बढ़ी भवानी देवी को कम उम्र में ही तलवारबाजी के प्रति अपने जुनून का पता चल गया। एक स्कूल प्रदर्शन के दौरान खेल से परिचित होने के बाद, वह तलवारबाजी की सुंदरता, सटीकता और रणनीतिक प्रकृति से मंत्रमुग्ध हो गई। विशेष रूप से, वह किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता (आइसलैंड में 2017 टूरनोई सैटेलाइट फेंसिंग चैंपियनशिप) में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय फेंसर बनीं।

## फिल्मी सफर

# सत्यप्रेम की कथा: रिलेशनशिप में रेप और लोगों के रवैये को दिखाती है फिल्म

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा कई दिनों से चर्चा में थी। 29 जून को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। टीजर और ट्रेलर में बॉलीवुड की आम तरह की रोमांटिक फिल्म दिखने के कारण इसकी ट्रोलिंग भी हो रही थी। हालांकि, निर्माताओं ने ट्रेलर और गानों में फिल्म के असल विषय की भनक भी नहीं होने दी। आइए, जानते हैं कैसी है समीर विद्वंस के निर्देशन में बनी यह फिल्म।



कथा अपने अतीत के कारण सदमे में है और आत्महत्या की कोशिश करती है। पुराने रिलेशनशिप के कारण उसके पिता उसे बोझ समझते हैं। पिता के दबाव में कथा अपने एकतरफा प्रेमी सत्यप्रेम (कार्तिक) से शादी करती है, लेकिन किसी न किसी बहाने उससे शारीरिक रूप से दूर भागती है। सत्यप्रेम और कथा को करीब लाने की कहानी में यह फिल्म प्यार में यौन संबंध, रेप और विक्टिम ब्लेमिंग जैसे विषयों को उठाती है। एक खास मसखरे अंदाज को कार्तिक अपना स्टाइल बना चुके हैं। इस फिल्म में भी वह वैसे ही नजर आए। कॉमेडी और अल्हड़पन में उनका चिर–परिचित अभिनय देखने को मिला। भावुक दृश्यों में वह कच्चे लगते हैं। चूंकि उनका किरदार एक मजबूत संदेश देता है, इसलिए इन गलतियों के बाद भी दृश्य मजबूत ही बने रहते हैं। एक दृश्य में कार्तिक एक रेपिस्ट को पीटते हैं। इस एक दृश्य में उनका अभिनय बाकी सारी कमजोरियों की भरपाई कर देता है। कार्तिक की शिकायत थी कि कई हिट फिल्मों के बाद भी प्रोड्यूसर उन्हें प्यार का पंचनामा के प्रॉब्लम वाले मोनोलॉग के लिए पहचानते थे। उनके दर्शक भी अब इस मोनोलॉग से परेशान हो चुके हैं।

इस फिल्म में भी उनका यह मोनोलॉग बेवजह आता है। फिल्म में कियारा का किरदार मानसिक सदमे में है। वह न सिर्फ अपने अतीत की वजह से परेशान है, बल्कि समाज के सवालों और पंचायत का भी सामना कर रही है।

### बिग बॉस ओटीटी 2 शीज़ान के बारे में बात करते हुए भावुक हुईं फलक नाज

बिग बॉस ओटीटी 2 में शामिल अभिनेत्री फलक नाज ने शो में अपने भाई शीज़ान खान की सह–अभिनेत्री तुनिशा शर्मा की मौत के बाद जेल जाने की परेशानी भरी जिंदगी के बारे में बताया।

शो के लेटेस्ट एपिसोड में भावुक होते हुए फलक ने अपने भाई के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके भाई के जेल जाने के बाद उनके परिवार को मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी। फलक ने कहा, मैं कभी भी अपने परिवार के साथ खड़े होने और उसकी रक्षा करने का श्रेय नहीं लेती।

फलक ने साझा किया कि छोटा भाई शाबी केवल शीज़ान के बारे में पूछता रहता था, जब वह सलाखों के पीछे था। वह और उसका परिवार शबी को यह नहीं बता सके कि शीज़ान कब वापस आएगा। उन्होंने आगे कहा कि, एक बार शबी, शीज़ान से मिलने जेल गए थे। शबी ने खिडक़ी की दूसरी तरफ रहकर शीज़ान से फोन पर बात की थी और रोते हुए उन्होंने शीज़ान से पूछा था कि तुम घर कब आ रहे हो।

# डीजल के नए पोस्टर में हरीश कल्याण प्रखर और उग्र दिखे

जैसा कि तमिल अभिनेता हरीश कल्याण गुरुवार को अपना जन्मदिन मना रहे हैं, उनकी आगामी फिल्म डीज़ल के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में हरीश को बंदूक की तरह फ्यूल डिस्पेंसर पकड़े हुए बैठे हुए और कैमरे से दूर घूरते हुए दिखाया गया है। पोस्टर में दिलचस्प और तीव्र दिख रहे हरीश को लाल टी–शर्ट पहने अत्यधिक संवहनी अग्रबाहुओं के साथ अपनी तराशी हुई काया को दिखाते हुए देखा जा सकता है। डीज़ल का निर्देशन शनमुगम मुथुसामी द्वारा किया गया है और इसमें अथुल्या रवि के साथ हरीश मुख्य भूमिका में हैं। पोस्टर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखाः हमारे स्टार हीरो हरीश कल्याण के लिए जश्न



मनाएं! टीम डीज़ल उत्साह बढ़ा रही है क्योंकि हम उन्हें ब्लॉकबस्टर क्षणों, अधिक सफलता और अंतहीन खुशी से भरे एक शानदार जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं। यह फिल्म तेल माफिया के इर्द–गिर्द घूमती है और इसका बड़ा हिस्सा उत्तरी चेन्नई के विभिन्न स्थानों पर फिल्माया गया है। थर्ड आई एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, डीज़ल की सिनेमैटोग्राफी एम.एस. द्वारा की गई है।

प्रभु, संगीत धीबू निनान थॉमस के साथ–साथ सैन लोकेश संपादक के रूप में कार्यरत हैं। एसपी सिनेमाज द्वारा निर्मित, तमिल एक्शन ड्रामा दिसंबर 2023 में रिलीज होने वाली है।

# दिवंगत इरफान खान की द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक



बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता इरफान खान की द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इसका निर्देशन अनूप सिंह ने किया था। अब द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। इरफान के साथ द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स में ईरानी गोलशिफ्तेह फरहानी मुख्य भूमिका में नजर आई थीं, वहीं भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अदाकारा वहीदा रहमान भी इसमें एक अहम किरदार में दिखाई दीं। फिल्म कि कहानी राजस्थान के जैसलमेर में दिखाई गई है, जो एक लोक आस्था पर आधारित है। द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियंस अगस्त 2017 में स्विट्जरलैंड के 70वें लोकार्नो फिल्म समारोह में दिखाई जा चुकी है। 29 अप्रैल, 2020 को इरफान इस दुनिया को अलविदा कह गए थे।

# जुलाई में अमेजन प्राइम पर प्रदर्शित होती वरुण धवन की बवाल

पिछले काफी समय से फिल्म बवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते दिनों यह खबर आई कि फिल्म सिनेमाघरों में नहीं आएगी, बल्कि ओटीटी का रुख करेगी। अब यह भी सामने आ गया है कि फिल्म कब और किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इसी के साथ इसका नया पोस्टर भी रिलीज किया गया है। फिल्म के हीरो वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर यह ऐलान किया है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

वरुण ने जान्हवी कपूर के साथ फिल्म का नया पोस्टर साझा कर लिखा, बदलेगा सबके दिलों का हाल क्योंकि दुनियाभर में होने वाला है बवाल। इस जुलाई बनेगा माहौल क्योंकि बवाल अमेजन प्राइम वीडियो के जरिए दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचने वाली है। वरुण के इस पोस्ट से उत्साहित होकर एक यूजर ने लिखा, वाह! अक्टूबर से पहले ही आ रहे हैं। दूसरे ने लिखा, बस मचा दीजिए बवाल। पहले यह फिल्म 6 अक्टूबर, 2023 को रिलीज होने वाली थी।



इस साल मार्च में बवाल की नई रिलीज डेट जारी हुई थी। समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर वरुण और जान्हवी की तस्वीर के साथ फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक नितेश तिवारी की तस्वीर साझा कर लिखा, बवाल की नई रिलीज डेट जारी। यह 6 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बवाल पहले 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म का काम बचा होने की वजह से इसकी रिलीज टाल दी गई।

बीत दिनों खबर आई थी कि फिल्म के ओटीटी पर आने से पूरी टीम खुश है। खास–कर वरुण और जान्हवी इस फैसले से बेहद खुश और उत्साहित हैं क्योंकि इसके जरिए उन्हें दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। पिछली बार जान्हवी की गुड लक जेरी और मिली जैसी फिल्में ओटीटी पर आई थीं, वहीं वरुण की फिल्म भेड़िया ने भी सिनेमाघरों के बाद जियो सिनेमा पर बढ़िया प्रदर्शन किया था।

वरुण जाने–माने निर्देशक एटली की अगली फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इसके अलावा 1975 में आई फिल्म चुपके चुपके के रीमेक से भी वरुण का नाम जुड़ चुका है। हॉलीवुड सीरीज सिटाडेल के देसी वर्जन सिटाडेल इंडिया में भी वरुण मुख्य भूमिका में हैं। दूसरी तरफ जान्हवी को जल्द ही सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा में देखा जाएगा। इसके अलावा मिस्टर और मिसेज माही और उलझ भी उनकी आने वाली फिल्मों में शुमार हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com